https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

दैनिक हिन्दी अख़बार

FIRST INDIA

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

वर्ष: 4 | अंक: 114 जयपुर, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विसं 2082





## जरूरी खबर

### भारतवंशी पादरी की गोली मारकर हत्या



**सेनेका।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के कैथोलिक पादरी की उनके पैरिश रेक्टरी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्याकांड की घटना कैनसस के सेनेका शहर में हुई। पादरी की हत्या के संदेह में ओक्लाहोमा के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कंसास के आर्चडायोसिस के आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने गुरुवार को एक फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की मौत की खबर साझा करते हुए बेहद दुखी हूं। उन्हें गोली मार दी गई। फादर अरुल कैरासाला 2011 से सेनेका में सेंट पीटर और पाल कैथोलिक चर्च में पादरी थे। उन्हें 1994 में भारत में पादरी के रूप में नियुक्त किया गया था।

### नेपाल में भूकंप के दो झटके, उत्तर भारत भी कांपा



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार शाम को भूकंप के जोरदार झटकों से दहशत फैल गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार नेपाल के जाजरकोट जिले में रात 8:07 बजे 5.2 तीव्रता और 8:10 बजे 5.5 तीव्रता के दो झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र काठमांडू से करीब 525 किमी दूर था। झटके सुर्खेत, दैलेख, कालीकोट समेत कई जिलों में महसूस हुए। अभी तक किसी नुकसान या हताहत की जानकारी नहीं है। वहीं, उत्तर भारत में भूकंप के हल्के महसूस किए गए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए

+91 95711 98777

पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

---

**1.88 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन, हर तीन माह में आयोजित होंगे रोजगार मेले**

# युवाओं को रोजगार देना डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता: सीएम

### मुख्यमंत्री ने ली भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा बैठक

**बेधड़क** | जयपुर



*जयपुर। मुख्यमंत्री शर्मा सीएमआर में लंबित एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों की समीक्षा बैठक में चर्चा करते हुए।*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सीएमआर पर लंबित एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में 1.88 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया विज्ञापन, परीक्षा, परिणाम और दस्तावेज जांच को अतिरिक्त संसाधनों और कर्मचारियों की मदद से शीघ्र पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार देना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से तय समयसीमा में पूरा किया जाएगा। सीएम ने बताया कि राज्य सरकार ने अब तक 5 रोजगार मेलों का आयोजन कर 67,000 से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी हैं। सीएम ने कहा कि हर तीन माह में ऐसे मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति का तोहफा दिया जाएगा।

### आवश्यकता को ध्यान में रखकर करें भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आगामी वर्षों की आवश्यकता और भविष्य में खाली होने वाले पदों को ध्यान में रखकर भर्तियां आयोजित करें। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस जल संसाधन अभय कुमार, एसीएस वित्त अखिल अरोड़ा, एसीएस वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अपर्णा अरोड़ा, एसीएस (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, एसीएस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नए जिलों में सृजित होंगे पद

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ खाली पदों पर समय पर भर्तियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समान पदों के लिए अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग परीक्षाएं कराने से समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। इसलिए नियमों में एकरूपता लाकर समान पात्रता लागू की जाए। सीएम ने नवगठित जिलों में पद सृजित कर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बड़ी भर्ती परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की कमी को दूर करने हेतु अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केंद्रों में बदलने का सुझाव भी दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से न्यायालय में लंबित लगभग 9 हजार 800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी करवाकर आगे बढ़ाया है।

---

**बिम्सटेक शिखर: भारत-बांग्लादेश के बीच अहम वार्ता**

# मोदी ने उठाया हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा, दी नसीहत

**एजेंसी** | बैंकॉक



*सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते मोहम्मद यूनुस।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उनकी मुलाकात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से हुई। पड़ोसी देश की पुरजोर कोशिश के बाद हुई इस बैठक में भारत ने बांग्लादेश से कई मुद्दों पर बातचीत की।

बैठक में भारत ने बांग्लादेश से जुड़े कई संवेदनशील मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिनमें अल्पसंख्यकों विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा, सीमा पार से अवैध घुसपैठ जैसे विषय शामिल रहे। पीएम मोदी ने बांग्लादेश को तनावपूर्ण बयानबाजी बंद करने की नसीहत भी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जाहिर की और इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत बताई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी कि पीएम मोदी ने बैठक में स्पष्ट रूप से भारत की चिंताओं को सामने रखा और लोकतांत्रिक, स्थायी, शांतिपूर्ण व समावेशी बांग्लादेश के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम ने सीमा से अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने का जिक्र भी किया। गौरतलब है कि शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा है। बैठक में शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा भी उठा, हालांकि इस पर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई।

### बिम्सटेक को नई दिशा देने के लिए मोदी का 21 सूत्री रोडमैप

**UPI, कॉमर्स, खेल और युवाओं पर फोकस**

प्रधानमंत्री मोदी ने 'बिम्सटेक' समूह को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा, जिसमें भारत के यूपीआई (यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस) को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच सहभागिता को मजबूत करने के लिए 'बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स' की स्थापना करना शामिल है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह समूह वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जिसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने 'बोधि' पहल के अंतर्गत हर साल बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को भारत में प्रशिक्षित करने की घोषणा की।


### बिम्सटेक में और क्या बोले प्रधानमंत्री?

- युवाओं की भागीदारी बिम्सटेक के लिए अहम।
- भारत में इस वर्ष बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव होगा।
- सम्मेलन में 'बैंकॉक विजन 2030' को अपनाया गया, जो समावेशिता, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देगा।
- मोदी ने साइबर अपराध, आतंकवाद और मानव तस्करी से मिलकर लड़ने की आवश्यकता जताई।

---

**अलविदा 'भारत कुमार'**

# देशभक्ति फिल्मों के पर्याय मनोज कुमार का निधन



**एजेंसी** | मुंबई

दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार का शुक्रवार को तड़के मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। मनोज कुमार के पारिवारिक मित्र एवं फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया कि कुमार पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उम्र से जुड़ी परेशानियों के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोज कुमार देशभक्ति पर आधारित लोकप्रिय फिल्मों 'शहीद', 'उपकार' एवं 'पूरब और पश्चिम' में अपनी अदाकारी के बाद 'भारत कुमार' के नाम से प्रसिद्ध थे। मनोज कुमार के निधन पर बॉलीवुड में शोक की लहर छा गई।

### मोदी ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें "भारतीय सिनेमा का आदर्श" कहा। मोदी ने लिखा, "दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार जी के निधन पर अत्यंत दुख व्यक्त करता हूं।"

---

**चीन ने यूएस उत्पादों पर बढ़ाया शुल्क**

# भारत पर टैरिफ घटाकर अमेरिका ने 26% किया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क को 27% से घटाकर 26% कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट पेश किया था। चार्ट के अनुसार, भारत मुद्रा विनिमय दर में हेरफेर और व्यापार बाधाओं समेत कुल 52% शुल्क वसूलता है, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका अब भारत से 26% रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा। प्रारंभिक व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में 27% शुल्क का उल्लेख था। जिसे हाल ही के अद्यतन में घटाकर 26% कर दिया गया है। वहीं, चीन ने अमेरिकी आयातित उत्पादों पर 34% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

---

**2008 जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट का मामला**

# चार आरोपी दोषी करार, सजा का ऐलान आठ को

### सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को कोर्ट में किया पेश

**बेधड़क** | जयपुर







फोटो: पंकज शर्मा

जयपुर में 13 मई, 2008 में हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले एक जिंदा बम के मामले में विशेष अदालत ने शुक्रवार को चार आतंकियों को दोषी करार दिया है। 13 मई 2008 को मंगलवार था और अब इस आतंकी घटना के दोषियों को सजा भी मंगलवार 8 अप्रैल को ही सुनाई जाएगी। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि दोषी करार दिए गए आतंकियों में सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ शामिल हैं। इन सभी को भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया है। विशेष अदालत के जज रमेश कुमार जोशी 8 अप्रैल को इन आतंकियों की सजा पर फैसला सुनाएंगे। विशेष बात यह है कि शाहबाज को छोड़कर बाकी तीन दोषियों को पहले सीरियल ब्लास्ट मामले में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है, लेकिन बाद में राजस्थान हाईकोर्ट ने उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। राज्य सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, और मामला अभी विचाराधीन है।

---

**विधेयक पास होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पहली प्रतिक्रिया**

# वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी 'ऐतिहासिक क्षण'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई। प्रधानमंत्री ने संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने की सराहना की और कहा कि यह कदम सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के सामूहिक प्रयास की दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए मददगार होगा जो लंबे समय से हाशिये पर हैं, जिन्हें आवाज उठाने और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि दशकों से वक्फ प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय बन गई है, जिससे विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों और पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया जिन्होंने संसदीय और समिति की चर्चाओं में भाग लिया।



### वक्फ बिल के विरोध में प्रदर्शन

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कई राज्यों में मुसलमानों ने आंदोलन करना शुरू कर दिया है। कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद, मुंबई समेत देश के कई राज्यों में शुक्रवार को मुसलमानों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

वक्फ एक्ट में बदलाव के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने याचिका दी वहीं, सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

### सीएम ने पीएम व शाह का जताया आभार



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025' के संसद के दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस विधेयक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प का सशक्त प्रमाण बताया। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विधेयक के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम देश में समानता, पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से वक्फ संपत्तियों में चली आ रही अनियमितताओं और अपारदर्शिता को दूर करने के लिए यह संशोधन आवश्यक था।

---

**राष्ट्रपति अनुरा कुमारा से वार्ता आज**

# तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे पीएम

**एजेंसी** | कोलंबो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार शाम को कोलंबो पहुंचे। बैंकाक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेकर वे श्रीलंका पहुंचे। शनिवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ व्यापक वार्ता करने का कार्यक्रम है। इस बैठक में रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटलीकरण समेत लगभग 10 क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति की उम्मीद जताई जा रही है। यह संयुक्त प्रयास दोनों देशों के साझा उद्देश्यों को साकार करने में सहायक होगा। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब श्रीलंका आर्थिक संकट से उबरने के संकेत दे रहा है। तीन साल पूर्व गंभीर आर्थिक संकट से जूझते हुए श्रीलंका को भारत द्वारा 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा था, "हमारे पास साझा भविष्य के लिए साझेदारी को बढ़ावा देने के संयुक्त दृष्टिकोण पर हुई प्रगति की समीक्षा करने का अवसर होगा।"

## जरूरी खबर

### चिकित्सा मंत्री खींवसर ने की लेपर्ड सफारी



**जयपुर।** चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर जयपुर के झालाना पहुंचे। जहां उन्होंने लेपर्ड सफारी का आनंद लिया। सफारी के दौरान ट्रैक 2 के नेचर फार्म तलाई पर नर लेपर्ड राणा की साइटिंग की। इस दौरान स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य सुनील मेहता, धीरेंद्र के. गोधा, वाइल्डलाइफर धीरज कपूर व दिनेश दुर्रानी भी उनके साथ रहे। इससे पहले चिकित्सा मंत्री को झालाना पहुंचने पर डीएफओ विजयपाल सिंह ने रिसीव किया। एसीएफ देवेंद्र सिंह व रेंजर जितेंद्र सिंह भी वहां मौजूद रहे।

### RAS अधिकारियों की वरिष्ठता सूची जारी

जयपुर। कार्मिक विभाग ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की वरिष्ठता सूची जारी की है। वेतन श्रृंखला की 1 अप्रैल 2025 के अनुसार कार्मिक विभाग ने अधिकारियों की अंतिम सूची जारी की है। इसमें सुपर टाइम स्केल के 113, हायर सुपर टाइम स्केल के 27, चयनित वेतनमान के 200, जूनियर स्केल के 347 और सीनियर स्केल के 229 आरएएस अधिकारियों की अंतिम वरिष्ठता सूची शामिल की गई है।

### वक्फ संपत्तियों में आएगी पारदर्शिता: कर्णावट



जयपुर। जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने बयान जारी करके कहा है कि संसद के दोनों सदनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की हमारी सामूहिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इससे उन लोगों को विशेष रूप से मदद मिलेगी, जो लंबे समय से हाशिए पर हैं और उन्हें आवाज और अवसर दोनों से वंचित रखा गया था। उन्होंने कहा कि भारत की आवाम अपनी संसद और संसदीय समिति की चर्चाओं में भाग लेने वाले सभी सांसदों की आभारी है, जिन्होंने इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे।

## डिप्टी सीएम ने ली विद्याधर नगर विस क्षेत्र की जन समस्याओं और विकास कार्यों संबंधी बैठक

# सीकर रोड पर राह होगी आसान, हरा भरा होगा विद्याधर नगर

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के सीकर रोड पर जाम और बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या से अब जल्द निजात मिलेगी। शहर के प्रमुख मार्ग सीकर रोड के बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने का काम जल्द शुरू होगा। वहीं, जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय विधायक और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से नालों का निर्माण कार्य जारी है, जो जल्द पूरा होगा। वहीं, स्वीकृत नालों का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही, बजट घोषणा को समय पर पूरा करने के लिए विद्याधर नगर में पहला ऑक्सीजन पार्क बनाने के लिए भी डीपीआर पर काम किया जाएगा।



*विद्याधर नगर की जन समस्याओं व विकास कार्यों संबंधी बैठक लेतीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।*

शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और जन समस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में सडकों, जल भराव, बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने, पुराना विद्याधर बस स्टैंड वॉर्ड न. 23 पर जेडीए कियोस्क व जेडीए की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने, स्वर्ण जयंती पार्क व अन्य खाली जमीन पर ऑक्सीजन पार्क के लिए जल्द डीपीआर तैयार करवाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

### पुरानी सीवरेज लाइन बदली जाएगी

बैठक में विद्याधर नगर विस क्षेत्र के बालाजी कॉलेज से लोहा मंडी तक की सड़क से अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाने, पाइप लाइन कार्यों से टूटी रोड, पुरानी सीवरेज लाइन को बदलने की डीपीआर तैयार करवाने, कन्वेंशन सेंटर के लिए भूमि आवंटन, सीकर रोड पर ड्रेनेज, नींदड एवं टोडी मोड़ वीयूपी एवं 14 नंबर पर बनने वाले अंडरपास और औद्योगिक क्षेत्रों की टूटी सड़कों का प्रस्ताव तैयार करने को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श और प्लानिंग की गई। बैठक में दीया कुमारी ने सीसीटीवी कैमरे लगाने, सैटेलाइट हॉस्पिटल, नींदड पीएचसी व हरमाडा सीएचसी के कार्य, टोडी मोड़ तक मेट्रो का विस्तार, गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली पानी की टंकियों के निर्माण और पानी की पाइप लाइन के कार्य पूरा कर जलापूर्ति करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए एआई चैटबॉट का लोकार्पण

प्रदेश के लगभग 12.5 लाख कर्मचारियों व पेंशनर्स को जीपीएफ और राज्य बीमा खातों की जानकारी अब एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी। इसके लिए राज्य बीमा व प्रावधायी निधि विभाग ने एआई चैटबॉट तैयार किया है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को इस चैटबॉट का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा किया गया यह नवाचार राज्य के लाखों कार्मिकों और पेंशनर्स के लिए ऋण आदि संबंधी कार्यों में सहूलियत देने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## राजस्थान के व्यापार पर अमेरिकी इंपोर्ट टैक्स का असर

# ट्रम्प के टैरिफ से राज्य के अरबों डॉलर निर्यात उद्योग को खतरा

सच बेधड़क एक्सक्लूसिव

परी टिक्कीवाल | बेधड़क

**जयपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय सामान के आयात पर 27% टैरिफ लगाए जाने से राजस्थान के निर्यातोन्मुखी उद्योगों में हड़कंप मच गया है। दरअसल, इससे राज्य के अमेरिका के साथ अरबों डॉलर के निर्यात व्यापार को खतरा पैदा हो गया है और हजारों कारीगरों की आजीविका खतरे में पड़ गई है। टैरिफ मुख्य रूप से राजस्थान के चार महत्वपूर्ण निर्यात क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है।

इनमें रत्न और आभूषण, कालीन, हस्तशिल्प और पत्थर की टाइल्स शामिल हैं। इन उद्योगों से जुड़े लोग उत्पादन में कटौती की चेतावनी दे रहे हैं। बता दें, 2023-24 में प्रदेश के हस्तशिल्प निर्यात का मूल्य लगभग 7,500 करोड़ था। यह अब बढ़ते दबाव का सामना कर रहा है, क्योंकि इनमें से लगभग 60% सामान अमेरिकी बाजारों के लिए है। इस टैरिफ के प्रभाव पर दिलीप इंडस्ट्रीज के अशोक के. चोरारिया ने कहा, "हम अपने हस्तशिल्प का 55-60% हिस्सा अमेरिका को निर्यात करते हैं। हालांकि, लाभ मार्जिन पर भारी दबाव पड़ेगा और हम नुकसान उठाएंगे, लेकिन हम अपने कुशल कारीगरों को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते।" चोरारिया ने अपनी बात को संक्षेप में यह कहते हुए व्यक्त किया, "चाल बनी रहनी चाहिए" (आगे आने वाली चुनौतियों के बावजूद परिचालन जारी रहना चाहिए)। राजस्थान के कालीन उद्योग के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है, जो अमेरिका को भारत के 1.2 बिलियन डॉलर के कालीन निर्यात में लगभग 15% का योगदान देता है।



### रत्नाभूषण व्यवसाय अधिक प्रभावित



खनन क्षेत्र विशेषज्ञ आदित्य के अनुसार प्रदेश के खनन क्षेत्र से प्राकृतिक पत्थर उद्योग को भी 'बड़े बाजार अंतर' का अनुभव होगा। जहां तक रत्न उद्योग का सवाल है, राजस्थान का भारत के कुल रत्न और आभूषण निर्यात में 17.5% हिस्सा है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 5.18 बिलियन डॉलर है। राज्य विशेष आभूषणों के लिए प्रसिद्ध है, जो भारत के मीनाकारी आभूषण निर्यात में 90% और कुंदन आभूषण निर्यात में 60% का योगदान देता है। अकेले इसके निर्यात व्यवसाय में बड़ा खतरा है।

### पहले भी कुछ उत्पादों पर लगाया टैक्स

बिजनेस एंड फाइनेंस की रिपोर्ट के अनुसार इन परिवर्तनों से पहले, अमेरिका ने स्टील, एल्युमीनियम और कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिन्न भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाया था। पिछले पांच वर्षों में, भारतीय आयातों पर अमेरिकी टैरिफ में खासी वृद्धि हुई है। बाजार की प्रतिक्रिया तत्काल हुई है। खरीदार पहले से ही अतिरिक्त शुल्क के डर से छूट की मांग कर रहे हैं। जयपुर के निर्यातक, जो सालाना 2,500 करोड़ रुपए का माल अमेरिका भेजते हैं, यूरोप और अन्य जगहों पर वैकल्पिक बाजार तलाश रहे हैं।

### बाड़मेर के कृषि क्षेत्र पर होगा असर



बाड़मेर जिले का कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित होगा, क्योंकि अमेरिका को भारत के जीरे के निर्यात का 50% हिस्सा यहीं से आता है, जो सालाना 1.84 लाख टन है। बहरहाल, इस टैरिफ से छह लाख कारीगरों का रोजगार दांव पर लगने और अरबों के निर्यात राजस्व के खतरे में पड़ने के साथ राजस्थान का निर्यात उद्योग बीते कुछ दशकों की अपनी सबसे बड़ी व्यापार चुनौती का सामना कर रहा है।

### स्टॉक रखने की अवधारणा खत्म करनी होगी



**'रगवेद' के मालिक वेदांत मुंद्रा** ने बताया कि लग्जरी कालीन बाजार भले ही झटके को झेल लें, लेकिन स्थानीय निर्माताओं को इसका असर महसूस होगा। उन्होंने यह भी कहा कि, "हमें स्टॉक रखने की अवधारणा को खत्म करना होगा और केवल ऑर्डर के आधार पर उत्पाद बनाने होंगे। कोई आरएंडडी नहीं। हमें मार्जिन में काफी कमी करनी होगी।" **जयपुर के एक मास्टर बुनकर रमेश कुमावत ने कहा कि,** "मैं तीन दशकों से कालीन बना रहा हूं और मेरा परिवार पूरी तरह से निर्यात पर निर्भर है। 58 साल की उम्र में मुझे आसानी से कोई दूसरा रोजगार नहीं मिल सकता और गांवों में मेरे जैसे हजारों लोग हैं।"

## जूली और राठौड़ का वार-पलटवार

# राइजिंग राजस्थान और आंकड़ों को लेकर विवाद



*भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़।*



*नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली।*

बेधड़क | जयपुर

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का सोशल मीडिया पर एक दूसरे पर वार-पलटवार जारी है। जूली के राइजिंग राजस्थान के मुद्दे पर छिड़ी बहस अब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और मौजूदा भाजपा सरकार के वित्तीय आंकड़ों पर आ चुकी है। शुक्रवार को राजेंद्र राठौड़ ने शायराना लहजे में पलटवार करते हुए कहा कि झूठे आंकड़ों की राजनीति नहीं चलेगी और राजस्थान के विकास एवं वित्तीय प्रबंधन पर कांग्रेस की हाय-तौबा समझ से परे है।

उन्होंने जूली से कहा कि आप कांग्रेस सरकार के समय के 2023-24 के आकंड़े भी बता देते तो अच्छा रहता। आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि वर्ष 2024-25 में संशोधित अनुमान के अनुसार पूंजीगत व्यय 38 हजार 288 करोड़ रुपए रहा, जो अब तक का सर्वाधिक है और वर्ष 2023-24 के वास्तविक व्यय 26 हजार 646 करोड़ से 43.69% अधिक है।

### जो वादा किया वह धरातल पर नहीं उतरा: जूली

राठौड़ के इस बयान पर जूली ने भी उसी शायराना लहजे में सोशल मीडिया पर जवाब लिखा। उन्होंने राठौड़ पर तंज कसते हुए लिखा कि आप आंकड़ों के जाल में उलझाकर सरकार को जनता के सामने रखना चाहते हैं। भाजपा द्वारा आपके साथ किए जाए रहे उपेक्षापूर्ण व्यवहार के बाद यह उचित भी है। राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा और गुजरात के बराबर पेट्रोल-डीजल के दाम करने का वादा किया था, लेकिन यह वादा अभी तक धरातल पर नहीं उतरा है। आप आंकड़ों की तुलना पिछली सरकार से करना चाहते हैं तो फिर 2013-18 की भाजपा सरकार (जिसमें आप भी मंत्री थे) की तुलना 2018-23 की हमारी सरकार से भी कीजिए। वर्ष 2018-19 में प्रदेश का बजट साइज 2 लाख 12 हजार 275 करोड़ रुपए था, जिसमें हमारी सरकार ने 84% बढ़ोतरी कर 2023-24 में 3 लाख 90 हजार 856 करोड़ रुपए तक पहुंचाया।

### राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर

कर्मचारी मंत्रालयिक निदेशालय के गठन के खिलाफ राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने शुक्रवार को यहां शहीद स्मारक पर धरना देकर प्रदर्शन किया। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, जयपुर के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि निदेशालय के विरोध में कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ है। प्रदेशाध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों की कार्यशैली बिल्कुल अलग है। यदि अन्य विभाग के कर्मचारी राजस्व विभाग में कार्य करेंगे, तो नियमों की जानकारी नहीं होने पर राजस्व का काम प्रभावित होगा।

### पार्टी त्याग व तपस्या का परिणाम: गहलोत

बेधड़क | जयपुर

भाजपा जयपुर शहर की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस 6 से 13 अप्रैल तक मनाया जाएगा। भाजपा के स्थापना दिवस समारोह को लेकर शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में संभाग प्रभारी, पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार गहलोत ने जयपुर शहर के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए गहलोत ने भाजपा की 1980 से 2025 तक की यात्रा को लेकर कहा कि 2 सीटों वाली भाजपा ने आज देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। यह भाजपा के कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण संभव हुआ है। भाजपा अपना स्थापना दिवस 6 से 13 अप्रैल तक मनाएगी। 6 को भाजपा कार्यकर्ता घरों पर पार्टी का झंडा फहराएंगे। वहीं, 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का तथा 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभाओं में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।





## बेधड़क TOON





-शेखर

## एक्शन मोड में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, बोले...

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं, काम नहीं करने वाला घर जाने की तैयारी कर ले

- काम में लापरवाही से मंत्री नाराज... एईएन और एसई को किया एपीओ

बेधड़क | जयपुर

पेयजल परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने और गर्मियों में पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी लगातार विभिन्न जिलों में जाकर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बैठक में जलदाय विभाग की योजनाओं में आशानुरूप काम नहीं होने पर चौधरी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगा रहे हैं। गुरुवार को कोटा, बूंदी जिले और शुक्रवार को सवाई माधोपुर व करौली जिले की समीक्षा बैठक में अधिकारियों की लापरवाही पर मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो कार्य करेगा, वही ड्यूटी पर रहेगा, जिसे काम नहीं करना, वह घर जाने की तैयारी कर ले। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदारों द्वारा कार्य में देरी करने पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को हुई बैठक में कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा और भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर सहित जलदाय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



*सवाई माधोपुर में अधिकारियों की बैठक लेते जलदाय मंत्री।*

### काम में लापरवाही पर किया एपीओ

सवाई माधोपुर में विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर एईएन विशु कुमार को मौके पर ही एपीओ करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी इस एईएन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। इससे पहले गुरुवार को हुई बैठक में कोटा वृत्त के अधीक्षण अभियंता (एसई) भारत भूषण मिगलानी के खिलाफ राजकार्य में उदासीनता, लापरवाही, ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने और नियम विरुद्ध कार्य करने, अमृत 2 डीपीआर और निविदा दस्तावेजों की जांच में लापरवाही का मामला सामने आया। इस पर शुक्रवार को मिगलानी को एपीओ किया गया।

### कांग्रेस राज की खामियों को मौजूदा सरकार भुगत रही

बैठक में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा व खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल भी जलदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली से नाखुश दिखाई दिए। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता को पानी और मुझे काम चाहिए। परिणाम सार्थक नहीं रहा तो लापरवाह अधिकारियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज की खामियों को प्रदेश की मौजूदा सरकार भुगत रही है। जल्द ही जहां भी गलत कार्य हुआ है उसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे।

### 30 वर्षों की मांग को ध्यान में रखकर बनाएं कार्ययोजना

समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि जनप्रतिनिधियों के समन्वय से 30 वर्षों की जल आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्य योजना बनाई जाएं। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 सहित अन्य पेयजल परियोजनाओं के तहत बिछाई गई पाइप लाइन व अन्य निर्माण कार्यों का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गांव-गांव जाकर सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को दुरुस्त करने, अवैध नल कनेक्शनों पर मामला दर्ज करवा दंडात्मक कार्रवाई करने और अंतिम छोर तक नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**एडीजी क्राइम की प्रेसवार्ता:** CBI और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई... दुबई से डिटेन कर जयपुर लाया गया बदमाश

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के हत्थे चढ़ा लॉरेंस गैंग का सरगना आदित्य

**बेधड़क** | जयपुर

संगठित अपराध पर नकेल कसने के लिए गठित एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य आदित्य जैन उर्फ टोनी को गिरफ्तार किया है। एडीजी क्राइम व एजीटीएफ प्रमुख दिनेश एमएन ने शुक्रवार को बताया कि आदित्य को दुबई में डिटेन करवाकर भारत सरकार व राज्य सरकार के स्तर पर यूएई सरकार से संपर्क कर यहां लाया गया है। 26 साल का आदित्य जैन पुत्र जाम्बू कुमार जैन कुचामन शहर का रहने वाला है, जो गुजरात में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा की ओर से चलाए जा रहे जबरन वसूली गिरोह का सक्रिय सदस्य है। यह कई मामलों में फरार था और विदेश भाग गया था। इसके खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में अपहरण, बलात्कार, जबरन वसूली, अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराधों के साथ जेल में बंद अपराधियों को अवैध मोबाइल फोन व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाने और अपना नाम बदलकर छल करने सहित कुल 7 मामले अलग-अलग थानों में दर्ज है।



*जयपुर। पुलिस गिरफ्त में आदित्य जैन उर्फ टोनी (काली टी शर्ट में)।*

### कम उम्र में अपराध की दुनिया में कदम

एडीजी क्राइम ने बताया कि आदित्य पर पहला केस 17-18 वर्ष की उम्र में दर्ज हुआ था। वह एक तरफा प्रेम के चलते एक मामले में फंसा। उसके पिता कुचामन सिटी में किराना दुकान चलाते हैं। वह अपने पिता की इकलौती संतान है। बाद में वह चूरू जेल गया, जहां 2018 में उसकी मुलाकात वीरेंद्र चारण से हुई। वीरेंद्र वर्तमान में लॉरेंस-गोदारा गैंग का सदस्य है। वहीं से आदित्य की गैंग से नजदीकी बढ़ी। इसके बाद यह लगभग हर आपराधिक गतिविधि से जुड़ा रहा। जेल से छूटने के बाद गर्लफ्रेंड के साथ जनवरी-2024 में दुबई चला गया। दुबई में रहने के दौरान गर्लफ्रेंड से शादी करने पर परिजनों ने रिश्ता तोड़ लिया। वह रंगदारी वसूलने के लिए टारगेट किए गए लोगों के मोबाइल नंबर और अन्य निजी जानकारी एकत्र करता था। लॉरेंस विश्नोई के निर्देश पर वह व्हाट्सएप, सिग्नल या वीओआईपी कॉल के जरिए धमकी देता था।

### गैंग के लिए चला रहा था इंटरनेट कॉलिंग और डब्बा कॉलिंग सिस्टम

एडीजी क्राइम ने बताया कि आदित्य दुबई में बैठकर गैंग के लिए इंटरनेट कॉलिंग और डब्बा कॉलिंग सिस्टम संचालित कर रहा था। इससे पहले 2023 में एजीटीएफ ने इसी गैंग के एक अन्य सदस्य अमरजीत विश्नोई को इटली से गिरफ्तार करवाया था। अमरजीत की गिरफ्तारी के बाद गैंग की डब्बा कॉलिंग की जिम्मेदारी आदित्य ने संभाली थी। गैंग के सदस्य सीधे कॉल नहीं करते थे, बल्कि आदित्य के जरिए ही डब्बा कॉल से संपर्क करते थे। इसकी सूचना एकत्रित होने पर एडि. एसपी नरोतम लाल वर्मा के नेतृत्व में टीम बनाकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को तैयार कर आरोपी आदित्य जैन के खिलाफ पहले यूएई को सीबीआई इंटरपोल से उसकी लोकेशन की जानकारी के लिए इंटरपोल रेफरेंस भेजा गया। सीबीआई दिल्ली के मार्फत इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया गया। इसके बाद यह यूएई में लोकेट हुआ। इसके बाद क्राइम ब्रांच के एसपी सिद्धांत शर्मा, इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप, सुनील जांगिड़ को 31 मार्च को दुबई भेजा गया। इसके बाद आरोपी को पुलिस टीम शुक्रवार सुबह 8 बजे दुबई से जयपुर लेकर पहुंची। उधर, इंस्पेक्टर मनीष शर्मा ने आरोपी के विदेश भाग जाने की जानकारी, पासपोर्ट, गैंग के लिए काम करने की अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटाई।



## जरूरी खबर

### पीटीईटी परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए की जाने वाली पीटीईटी परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि परीक्षा 15 जून को आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट अथवा ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सिरसी रोड पर 9 अप्रैल से होगी तोड़फोड़

**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी की सिरसी रोड पर आवागमन को सुगम और मार्ग को चौड़ा करने के लिए जेडीए 9 अप्रैल से तोड़फोड़ की कार्रवाई करेगा। यहां लोगों ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कर लिए हैं। इस दौरान सड़क सीमा के दायरे में आने वाले निर्माणों को हटाया जाएगा। सिरसी रोड पर 200 फीट बाइपास से लेकर खातीपुरा तिराहे तक और वहां से क्वींस रोड झारखंड मोड़ तक अतिक्रमण हटाए जाएंगे। निर्माण हटाकर सड़क को आवागमन के लिए 160 फीट तक चौड़ा किया जाएगा। जेडीए यह कार्रवाई राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में करेगा।

### किशनगढ़ से तीन शहरों के लिए सीधी हवाई उड़ानें

**बेधड़क, जयपुर।** किशनगढ़ एयरपोर्ट से लखनऊ, नागपुर और पुणे के लिए सीधी उड़ानों का संचालन शुरू किया गया है। स्टार एयर ने हिंडन एयरपोर्ट (गाजियाबाद) से किशनगढ़ (अजमेर) के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की है। इस रूट पर शुरुआती किराया महज 1950 रुपए रखा गया है, जिससे यात्रियों को किफायती यात्रा का लाभ मिलेगा।

**व्यापारी vs निगम:** व्यापारी बोले- कोर्ट के आदेश की आड़ में अन्याय

# परकोटे में सीलिंग पर संग्राम सड़क पर उतरे कारोबारी

- 19 कॉम्प्लेक्स सील, गलियों में पसरा सन्नाटा
- महापौर से भी नहीं माने व्यापारी, दी अनशन की चेतावनी
- 900 व्यापारियों में से किसी एक को भी नोटिस नहीं देने का आरोप

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट के आदेशों की पालना में नगर निगम हेरिटेज द्वारा परकोटे में की गई सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों व्यापारी सड़कों पर उतर आए। परकोटा विकास संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों ने बड़ी चौपड़ पर चार घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन कर धरना दिया। साथ ही आमरण अनशन की चेतावनी भी दी। इस दौरान व्यापारियों के परिजन भी उनके साथ मौजूद रहे।

व्यापारियों ने सुबह 10:30 बजे से दड़ा मार्केट, हल्दियों का रास्ता, मणिरामजी की कोठी, जौहरी बाजार और ठाकुर पचेवर की गली में दुकानें बंद कर दीं। इसके बाद बड़ी चौपड़ पर आवागमन भी रोक दिया गया। हालांकि पुलिस ने बार-बार व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगें पूरी होने तक वहीं डटे रहने की बात पर अड़े रहे।



*सीलिंग के विरोध में बड़ी चौपड़ पर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।* **फोटो: राजेश कुमावत / पंकज शर्मा**

### प्रदर्शन में बच्चों को भी साथ लाने की चेतावनी

हेरिटेज निगम की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, वे धरना स्थल नहीं छोड़ेंगे। परिजन सुधा खंडेलवाल ने कहा कि नगर निगम ने 19 कॉम्प्लेक्स को सील करना शुरू कर दिया है, आज नहीं तो कल हमारा भी नंबर आ जाएगा। व्यापारियों से केवल देश की अर्थव्यवस्था ही नहीं चलती, बल्कि एक व्यापारी के कारण हजारों परिवारों का भरण-पोषण और रोजगार चलता है। परकोटे की लगभग हर गली कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के चलते वाहनों से भर गई है, जहां लोगों को चलने की भी जगह नहीं मिलती, फिर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज हम बैठे हैं, कल अपने बच्चों को भी साथ लाएंगे।





*जयपुर। व्यापारियों के आंदोलन के कारण सूना पड़ा जौहरी बाजार। (इनसेट में) नगर निगम द्वारा सील किया गया कॉम्प्लेक्स।*

### नोटिस नहीं देने का आरोप

दड़ा बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि 2019 में हाईकोर्ट को एक रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें यहां के 19 कॉम्प्लेक्स को अवैध बताया गया, जबकि यहां के सभी व्यापारी यूडी टैक्स, जीएसटी, बिजली बिल और अन्य सरकारी कर नियमित रूप से जमा कराते हैं। बावजूद इसके, हाईकोर्ट के निर्देशों की अवहेलना करते हुए 900 व्यापारियों में से किसी एक को भी नोटिस नहीं दिया गया और अचानक से कार्रवाई कर दी गई।

### महापौर ने कहा- अवैध निर्माण हटाएं

वहीं, हेरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव भी व्यापारियों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचीं, लेकिन व्यापारियों ने उनकी बात नहीं सुनी और अपनी मांगों पर अड़े रहे। महापौर कुसुम यादव ने कहा कि कोर्ट के आदेशों पर अवैध बिल्डिंग्स को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि पहले उन्हें समय दिया गया था कि जो भी अवैध निर्माण है, उसे स्वयं हटा लिया जाए। बावजूद इसके, निर्माणकर्ताओं ने ऐसा नहीं किया और अब कार्रवाई के बाद आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निगम अब भी उनकी बात सुनने को तैयार है और व्यापारियों की समस्याओं पर पूरा ध्यान दिया जाएगा, लेकिन स्पष्ट किया कि न्यायालय से ऊपर कोई नहीं है। वहीं, दड़ा मार्केट स्थित प्रसिद्ध स्वर्णभूमि कॉम्प्लेक्स भी सुनसान नजर आया। सीलिंग के दौरान वहां के गेट पर ताला लगाया गया। एक व्यापारी ने बताया कि यहां 94 दुकानों में लगभग 25 करोड़ रुपए से अधिक का प्रतिदिन व्यापार होता है। इसी के साथ, कपड़ों और कॉस्मेटिक आइटम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध दड़ा मार्केट की दुकानें भी इस दौरान बंद रहीं और दुकानों के बाहर कर्मचारी जमे रहे।



*जयपुर। व्यापारियों के साथ वार्ता करतीं महापौर कुसुम यादव।*

**जयपुर कलेक्टर सोनी की पहल लाई रंग**

# अब प्रदेशभर में चलेगा 'रास्ता खोलो' अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की पहल को अब पूरे प्रदेश में अपनाया गया है। राजस्व विभाग की ओर से 'रास्ता खोलो' अभियान के संबंध में परिपत्र जारी किया गया है, जिसके तहत प्रदेश भर में एक माह तक यह अभियान चलाया जाएगा।

जयपुर में यह अभियान जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की पहल पर 15 नवंबर से शुरू हुआ था। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अभियान के नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि अब तक जिले की 49 तहसीलों में कुल 912 रास्ते खोले गए हैं और जिला परिषद के सहयोग से लगभग 161 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया है।

जिले में इस अभियान की सफलता को देखते हुए राज्य सरकार ने इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत एक माह तक राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 251 ए के अंतर्गत दिए गए रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराना, रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन, बंद रास्तों को खुलवाना, नरेगा द्वारा निर्मित रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन तथा कृषि भूमि पर आवागमन के लिए सार्वजनिक रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जाएगा।



*आईएएस जितेंद्र कुमार सोनी।*

### नागौर से की थी इस अभियान की शुरुआत

आईएएस जितेंद्र कुमार सोनी ने जुलाई 2020 में नागौर जिले में कलेक्टर रहते हुए 'रास्ता खोलो' अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद जब वे अलवर में जिला कलेक्टर नियुक्त हुए तो वहां भी इस अभियान को सफलतापूर्वक चलाया गया। वर्तमान में जयपुर में कलेक्टर रहते हुए उन्होंने इस अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस अभियान की सफलता के चलते उनकी पहल को अब प्रदेश स्तर पर सराहा गया है और उन्हें सम्मानित किया गया है।

**प्रदेश में हीटवेव को लेकर अलर्ट**

# छह जिलों में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर सहित प्रदेश भर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही हे। प्रदेश के छह जिलों में शुक्रवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, वहीं अधिकांश जिलों में तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच रहा। इस दौरान सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं चित्तौड़गढ़ में 41.4, कोटा में 41.1, जोधपुर में 40.3, टोंक में 40.1, जालौर में 40.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर में शुक्रवार को दिन का तापमान बढ़कर 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। रात का सबसे कम तापमान माउंट आबू में 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे अधिक रात का तापमान फलोदी में 25.2, बाड़मेर में 24.8, धौलपुर में 24.4, और जयपुर में 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के बाद प्रदेश में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में आगामी 4-5 दिनों तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी, दक्षिणी व पूर्वी भागों में 5-6 अप्रैल से अधिकतम तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने की संभावना है, जिससे 6-9 अप्रैल के दौरान कुछ भागों में हीटवेव की स्थिति बन सकती है।

**ट्रैफिक सुधार की नई पहल**

# अब राजधानी जयपुर में स्मार्ट पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

- सड़कों पर दिखेगा डिजिटल ट्रैफिक सिस्टम
- 32 सीटर मिनी बसों को ही मिलेगा परमिट
- सार्वजनिक परिवहन को मिलेगा बढ़ावा




**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर आरटीओ प्रथम ने कई अहम प्रस्ताव पेश किए हैं, जिन्हें ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड (टीसीबी) की मंजूरी मिल गई है। अब इन्हें मुख्यालय भेजा जाएगा, ताकि शहर की परिवहन व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए जा सकें। शुक्रवार को आरटीओ प्रथम राजेंद्र शेखावत ने प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सिटी बसों के परमिट में वृद्धि की जाएगी। वहीं, शहर में भारी बसों के परमिट को रोकने के लिए अब सिर्फ 32 सीटर मिनी बसों को ही परमिट दिया जाएगा। दरअसल, शहर को भारी बसों के बोझ से मुक्त करने और सड़कों पर होने वाले जाम की समस्याओं को कम करने के लिए ये प्रस्ताव पेश किया गया है, ताकि यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव हो सके।

साथ ही सड़कों पर बड़ी बसों के कारण यातायात में होने वाली परेशानी से भी बचा जा सके। आरटीओ प्रथम ने बताया कि वर्तमान में परमिट की सीमित संख्या के कारण यात्रियों को निजी वाहनों या ऑटो रिक्शा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन सिटी बसों के परमिट बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूर होने के बाद शहर में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को सस्ती और सुगम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस प्रस्ताव के मंजूर होने से निजी वाहनों की संख्या में भी कमी आ सकेगी और लोगों को अधिक सुविधाजनक तथा सस्ता परिवहन उपलब्ध हो सकेगा।

### मोबाइल ऐप से बुक होंगे ई-रिक्शा

आरटीओ प्रथम ने बताया कि डिजिटल इंडिया की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए ई-रिक्शा के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार किया जा रहा है, जो आगामी दो महीनों में लॉन्च किया जाएगा। इस ऐप की मदद से यात्री आसानी से ई-रिक्शा बुक कर सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

### हीरापुरा बस स्टैंड से 500 नए मैजिक टेंपो

परिवहन सुविधा को बेहतर बनाने के लिए हीरापुरा बस स्टैंड से दस नए रूट्स पर 500 मैजिक टेंपो चलाने का निर्णय भी लिया गया है। इन वाहनों की एक समय में यात्री क्षमता 5,000 होगी, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में आवागमन आसान होगा।

### तिपहिया मैजिक टेंपो पर लगेगा प्रतिबंध

शहर में पुराने आठ से दस सीटर तिपहिया मैजिक टेंपो के परमिट अब बंद कर दिए जाएंगे। इनके स्थान पर अब केवल चौपहिया मैजिक टेंपो ही संचालित किए जा सकेंगे। इस कदम से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, क्योंकि पुराने तिपहिया वाहनों की संख्या अधिक होने से सड़कों पर भीड़भाड़ की समस्या बनी रहती थी।

### RTO और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त पहल

शहर में छोटे वाहनों के संचालन से होने वाली भीड़भाड़ को कम करने के लिए आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस मिलकर ट्रैफिक सुधार की कोशिशों में जुटे हैं। इसी क्रम में नारायण सिंह सर्किल पर टीसीबी के आदेश के बाद नो पार्किंग जोन की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन परिवर्तनों के लागू होने के बाद शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू और सुविधाजनक होने की उम्मीद है। इन योजनाओं से शहर को बेहतर सार्वजनिक परिवहन, सुगम यातायात और स्वच्छ परिवेश मिलेगा, जिससे आमजन को लाभ होगा।

## जरूरी खबर

### यात्रियों से भरी सिटी बस में लगी आग



**कोटा।** शहर के नयापुरा इलाके में यात्रियों को ले जा रही सिटी बस में आग लग गई। चलती बस में धुआं देख ड्राइवर ने बस सड़क किनारे रोकी, तब यात्री उतर गए। बस में 20 यात्री सवार थे। चार फायर ब्रिगेड ने तुरंत पहुंच आग पर काबू पाया। तब तक बस पूरी जल चुकी थी। घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। बस, स्टेशन से नयापुरा की तरफ जा रही थी। एमबीएस हॉस्पिटल के सामने पहुंचते ही बस में आग लग गई।

### 300 MCFT जल से होगा जिनेंद्र प्रतिमा का अभिषेक

**करौली।** प्रसिद्ध जैन तीर्थ महावीर जी में धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के लिए पांचना बांध से 300 एमसीएफटी जल निकासी होगी। जल निकासी के साथ ही प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने गंभीर नदी तटीय क्षेत्र के लिए अलर्ट जारी कर लोगों से जल बहाव क्षेत्र में नहीं जाने और मवेशी को नहीं भेजने की अपील की है। एईएन वीर सिंह जाटव ने बताया कि बांध के दो गेट खोलकर गंभीर नदी में 350 क्यूसेक जल निकासी की जा रही है। बांध का पानी 10 अप्रैल को गंभीर नदी के महावीर जी तट पहुंचेगा, जहां जल पूजा की जाएगी। महावीर जयंती पर भगवान महावीर की रथ यात्रा के दौरान गंभीर नदी के तट पर जिनेंद्र प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा। अधिशासी अभियंता सुशील गुप्ता ने बताया कि बांध का जल स्तर 257.25 मीटर और कुल जल भराव 1582 एमसीएफटी है।

### 22 किमी तिरंगा यात्रा के बाद शहीद को अंतिम विदाई



**सीकर।** जिले के आईटीबीपी के जवान रतनलाल गुर्जर (35) का शुक्रवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जवान को 5 साल के बेटे यश कुमार ने मुखाग्नि दी। इससे पहले अजीतगढ़ थाने से उनके पैतृक गांव सांवलपुरा तंवरान (नीमकाथाना) के लोहा की ढाणी तक 22 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। रतनलाल गुर्जर आईटीबीपी की 14वीं बटालियन में तैनात थे। गुरुवार को वे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में ऊंचाई वाले इलाके में ऑक्सीजन की कमी के कारण शहीद हो गए थे।

---

**हंगामा-तनाव : रामगढ़ पचवारा में 3 थानों की पुलिस और RAC तैनात**

# भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ी... आक्रोशित लोगों का प्रदर्शन

**बेधड़क** | दौसा

जिले में रामगढ़ पचवारा बस स्टैंड पर 3 साल पूर्व स्थापित की गई बिरसा मुंडा की मूर्ति जब लोगों को खंडित मिली तो लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। हालात को देखते हुए मौके पर 3 थानों की पुलिस और आरएसी के जवानों को तैनात किया है। लोगों ने रामगढ़ पचवारा थाने में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**■ आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**



*घटनास्थल पर धरना देकर नारेबाजी करते लोग एवं टूटी प्रतिमा का हिस्सा।*

थाना इंचार्ज रामशरण गुर्जर ने बताया कि 3 साल पहले बस स्टैंड पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। काले पत्थर से बनी प्रतिमा के हाथ में तीर था। इसके पिछले सिरे को गुरुवार रात अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया। पिछला हिस्सा मौके पर ही पड़ा मिला। रात में पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया।

### घटना के बाद इलाके में आक्रोश

थाना इंचार्ज ने बताया कि बिरसा मुंडा की मूर्ति खंडित होने की खबर फैली तो स्थानीय लोग बस स्टैंड पर जुटने लगे और नारेबाजी करने लगे। कुछ लोग मूर्ति के पास ही बस स्टैंड पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी की। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में रामगढ़ पचवारा नगरपालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक समेत कई लोग मौके पर जुट गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

थानाधिकारी ने बताया कि घटना की गंभीरता और लोगों के आक्रोश के मद्देनजर पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। हालांकि, अभी तक किसी के द्वारा मूर्ति तोड़ने की बात सामने नहीं आई। अलबत्ता, लोगों का मानना है कि यह समाज कंटकों का काम है। जांच में जो भी निकलकर आएगा, उस पर कार्रवाई होगी।

### नई मूर्ति स्थापित करने की मांग

आक्रोशित लोगों ने सर्किल बनाकर नई मूर्ति स्थापित करने की मांग रखी है। इसको लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवा गया है। बता दें, बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज के लोकनायक हैं। आदिवासी बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा देते हैं, उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू गांव में हुआ था। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों को एकजुट किया और तोप-बंदूकों का मुकाबला तीर-कमान से किया था।

---

**पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्र और राज्य सरकार को घेरा**

# बड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने को लाए वक्फ संशोधन विधेयक

**बेधड़क** | दौसा

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को यहां केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर कहा कि यह अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ और अन्य गंभीर आर्थिक मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश है। वहीं, उन्होंने राज्य सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू का सिर्फ राजनीतिक प्रचार है, इतने निवेश की बात दिल्ली में बैठे नेताओं को खुश करने के लिए की गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार धर्म के नाम पर तनाव पैदा कर रही है, विधानसभा में विधायक एक-दूसरे को पाकिस्तानी कह रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। पायलट शुक्रवार दोपहर दौसा जिला मुख्यालय के पास रलावता गांव में किसान सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। किसान सम्मेलन को संबोधित करने से पूर्व पायलट ने गांव में अपने पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

**सचिन ने किया स्वर्गीय राजेश पायलट की प्रतिमा का अनावरण**



*कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते विधायक सचिन पायलट।*

### पायलट कभी-कभी आते राजस्थान: विश्नोई



**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री केके विश्नोई ने कहा कि पायलट कभी-कभी राजस्थान आते हैं, लेकिन उनको राजस्थान में तीव्र गति से हो रहे विकास का ज्यादा ज्ञान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले ही वर्ष में राजस्थान को आर्थिक समृद्धि एवं विकास के विजन के साथ 35 लाख करोड़ रूपए के एमओयू किए। पायलट पिछले 6-7 वर्षों से कांग्रेस में अपने वजूद को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, इसलिए सुर्खियों में रहने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं। लेकिन पायलट साहब के बयान को नीचा करने के लिए डोटासरा, जूली, गहलोत नया बयान जारी कर देंगे।

### पेपर लीक मामले पर भी सरकार को घेरा

सचिन पायलट ने परीक्षा पेपर लीक मामले पर कहा कि जब प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, तो बड़े-बड़े मगरमच्छों को पकड़ने की बात कही थी, लेकिन आज तक केवल कुछ छोटे अपराधियों को ही पकड़ा गया है। यह साफ इशारा करता है कि कुछ छिपाया जा रहा है।

### अमेरिकी टैरिफ का असर रोजगार पर

सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब अमेरिका ने भारत पर भारी टैरिफ लगाया, जिससे हमारे व्यापार और रोजगार पर संकट गहराया, तब सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए था। इसके बजाय केंद्र ने एक ऐसा मुद्दा संसद में लाकर खड़ा कर दिया, जिससे असली सवालों से ध्यान भटक जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस कदम पर कई देशों ने करारा जवाब देने की बात कही, लेकिन भारत सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप है। उन्होंने कहा कि सरकार देशहित के सवालों से घबरा रही है और ऐसे संशोधन विधेयक लेकर आ रही है, ताकि संसद में विपक्ष सवाल न उठा सके।

### फोन टैपिंग मामले में सरकार चुप क्यों?

सचिन पायलट ने फोन टैपिंग मामले में किरोड़ी लाल मीणा के आरोपों का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रही है। पता नहीं सरकार फोन टैपिंग पर क्यों चुप है? उन्होंने कहा कि सरकार खुद नहीं जानती कि उसके मंत्री कौन हैं और कौन नहीं।

---

**श्याम भक्ति सेवा संस्थान का रिकॉर्ड**

## जोधपुर में 100 मूर्तियां स्थापित, वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड ने दिया प्रमाण-पत्र

**बेधड़क** | जोधपुर



शहर के श्याम भक्ति सेवा संस्थान की ओर शहर के मंदिरों में श्याम बाबा की 100 मूर्तियां लगाने को लेकर वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था ने संस्थान को प्रमाण-पत्र दिया। सीमा सुरक्षा बल के राजस्थान फ्रंटियर आईजी एमएल गर्ग ने शुक्रवार को संस्थान अध्यक्ष मोनिका प्रजापत को प्रमाण-पत्र सौंपकर शुभकामना दी। जानकारी के अनुसार संस्थान अध्यक्ष मोनिका प्रजापत ने कहा कि श्याम भक्त सेवा संस्थान की ओर से एक अनूठी पहल की गई थी। इसके तहत घर-घर श्याम हर घर श्याम अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत एक ही स्थान पर 100 मूर्तियों का विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक पूजन और निशुल्क वितरण किया गया।

उसके बाद शहर के मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना की गई, यहां पर नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है। इसको लेकर वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से इसे विश्व रिकॉर्ड के रूप में स्वीकार कर नया मानक स्थापित करने का प्रमाण-पत्र जारी किया गया। श्याम बाबा की मूर्तियों को मूर्तिकार जयशंकर चौहान से तैयार करवाया गया था और उसके बाद शहर के अलग-अलग मंदिरों में स्थापित करवाया गया।

### परोपकार ही सबकुछ

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज ने संस्थान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध जो काम होते हैं, वो हमेशा सफल होते हैं। परमात्मा उसी को सहयोग करता है, जो सबका हित समझ कर स्वयं का काम करता है, उसे ही सफलता मिलती है। परोपकार ही सब कुछ है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की मूर्तियां स्थापित करने का अनूठा कार्य है, क्योंकि श्याम बाबा को भगवान श्री कृष्ण ने वरदान दिया था। एक साथ 100 मूर्तियों की स्थापना करना विचित्र कार्य है।


---

**नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पॉक्सो कोर्ट का फैसला**

## आरोपी को उम्रकैद और 78 हजार के जुर्माने की सजा

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश ने 14 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषी पर 78 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है। यह राशि जमा नहीं कराने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायाधीश ने पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी अनुशंसा की। लोक अभियोजक राम हेतार गुर्जर ने बताया कि पनवाड़ थाना क्षेत्र में पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दी कि उनकी 14 वर्षीय बालिका अपने भाई के साथ बाजार गई थी। कुछ घंटे घर नहीं लौटी। इस दौरान तलाश करने पर पता चला कि सीकर निवासी भारत सिंह ने उसे जबरदस्ती ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मुकदमे में करीब 2 वर्ष ट्रायल चला। इस दौरान 23 गवाह तथा 25 दस्तावेज पेश किए। इसी आधार पर सजा सुनाई गई।




### धौलपुर में महिला के साथ गैंगरेप

धौलपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ चार युवकों द्वारा चार दिन तक विभिन्न स्थानों पर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने महिला पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। सीओ सिटी मुनेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### सास-ससुर व जेठानी को पिलाई जहरीली चाय

**धौलपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के समोना गांव में एक विवाहिता ने घरेलू विवाद के चलते अपनी सास, ससुर और जेठानी को चाय में जहर मिलाकर पिला दिया और खुद आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद चारों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी हरि नारायण मीणा ने बताया कि मामला पारिवारिक कलह का प्रतीत हो रहा है। अभी तक किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ओखा-बनारस ट्रेन से निकला धुआं, मची अफरा-तफरी

**बेधड़क** | कोटा

दिल्ली-मुंबई रेल खंड पर सवाई माधोपुर से बयाना के बीच चलती ट्रेन में धुआं निकलने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पॉइंट्स मैन ने देखा तो लाल झंडी के जरिए ट्रेन को रुकवाया। ड्राइवर ने भी इमरजेंसी ब्रेक लगाया। अचानक ट्रेन रुकने और धुआं फैलने से यात्रियों में खौफ छा गया और वह कोच से उतरकर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, रेलवे कार्मिकों ने तुरंत फायरफाइटिंग इक्विपमेंट के जरिए आग पर काबू पा लिया।

ट्रेन नंबर 22969 ओखा-बनारस एक्सप्रेस इस घटना की वजह से करीब 15 मिनट तक श्री महावीर जी स्टेशन पर खड़ी रही। उसके बाद आगरा फोर्ट की तरफ रवाना हो गई। बता दें कि शुक्रवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय भरतपुर बयाना एरिया में दौरे पर ही थीं, उसी दौरान यह हादसा सामने आया। मामले में कोटा डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि फिलहाल, ब्रेक बाइंडिंग के कारण धुआं उठने की रिपोर्ट मिली है। यह क्यों हुआ, इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट ली जा रही है।



---

**भारत में उपयोग नहीं किया बताया**

## अमेरिकी यात्री के पास जोधपुर एयरपोर्ट पर मिला सैटेलाइट फोन

**बेधड़क** | जोधपुर

सीआईएसएफ ने शुक्रवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर सैटेलाइट फोन के साथ भारत घूमने आए अमेरिकी नागरिक को पकड़ा। वह अपने ग्रुप के साथ अमेरिका से भारत आया था। वह शुक्रवार को जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही । सीआईएसएफ ने फोन जब्त कर लिया है। एयरपोर्ट थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि जोधपुर एयरपोर्ट पर सुबह 11 बजे दिल्ली की फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी। फ्लाइट से दिल्ली जाने के लिए 28 अमेरिकी नागरिकों का एक ग्रुप एयरपोर्ट पहुंचा था। चेकिंग के दौरान ग्रुप में शामिल यात्री विली वेई यांग (62) के सामान में सैटेलाइट फोन मिला। यह यात्री चीनी मूल का अमेरिकी नागरिक है। मामले की सूचना पर सीआईडी, पुलिस, आईबी सहित अन्य एजेंसियों के अधिकारी भी एयरपोर्ट पहुंचे। इस यात्री का ग्रुप 28 मार्च को मुंबई पहुंचा था। वहां से उदयपुर आकर 3 दिन रुका। फिर, 2 अप्रैल को जोधपुर आया।




---

**जीणमाता मंदिर में बत्तीसी संघ पदयात्रियों और पुजारियों के बीच विवाद**

# हाथापाई और तोड़फोड़, तीन घंटे बंद रहे मंदिर के पट

**बेधड़क** | सीकर

जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीणमाता मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर चल रहे लक्खी मेले के दौरान गुरुवार देर रात बड़ा विवाद सामने आया। यह विवाद मंदिर ट्रस्ट के पुजारियों और बत्तीसी संघ के श्रद्धालुओं के बीच हुआ, जिसमें हाथापाई और तोड़फोड़ की नौबत आ गई। कुछ लोगों ने मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में कांच फोड़ दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि बत्तीसी संघ, जो 32 गांवों के लोगों का एक धार्मिक संघ है, हर साल चैत्र नवरात्र में षष्टी तिथि को जीणमाता मंदिर में धोक लगाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी बत्तीसी संघ मंदिर पहुंचा। इससे पहले प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक में यह सहमति बनी थी कि जब बत्तीसी संघ दर्शन करेगा, तब केवल तीन पुजारी वहां मौजूद रहेंगे। जब संघ के लोग मंदिर पहुंचे, तो वहां अधिक पुजारी मौजूद थे। संघ के लोगों ने अतिरिक्त पुजारियों को हटाने की मांग की, लेकिन पुजारी हटने को तैयार नहीं थे। प्रशासन ने जब समझाइश की तो मंदिर ट्रस्ट के पुजारी और उनके समर्थक उग्र हो गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई और प्रशासनिक अधिकारियों को भी धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा।



*जीण मंदिर में झगड़ते बत्तीसी संघ के पदाधिकारी और पुजारी।*



*समझाइश करती एसडीएम एवं डीएसपी।*

### स्थिति बिगड़ने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मंदिर ट्रस्ट के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया, जिससे नाराज होकर मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर के पट बंद कर दिए। पट बंद होने के कारण दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान बत्तीसी संघ के सदस्य मंदिर के बाहर धरने पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे।

### कलेक्टर-एसपी ने सुलझाया मामला

रात को जब विवाद बढ़ता चला गया, तब प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए और दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामोर ने बत्तीसी संघ के सदस्यों से वार्ता कर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। बाद में सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा और पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर विवाद को सुलझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे तक मंदिर के पट बंद रहने के बाद अंततः प्रशासन और बत्तीसी संघ के हस्तक्षेप से मंदिर के पट फिर से खोल दिए गए और दर्शन व्यवस्था सामान्य हुई।

### बोलैंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक व अध्यक्ष श्रीकांत बोल्ला ने स्टूडेंट्स से साझा की जीवन की चुनौतियां

# सिंपैथी की चाह कभी न रखें, यह आपको लेजी बनाती है

बेधड़क | जयपुर

'मेरे पास भले ही साइट नहीं है, लेकिन 100 परसेंट विजन है, यह दिखता नहीं माइंड में होता है। दृष्टिबाधित होने से मुझे हर जगह चुनौतियां झेलनी पड़ी, लेकिन हर बाधा ने मुझे और बेहतर बनने में मदद की।' यह कहना था बोलैंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक व अध्यक्ष श्रीकांत बोल्ला का। वे पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स से रूबरू हुए और जीवन की चुनौतियां साझा की। बोल्ला ने पूर्णिमा पैंथर्स के इंडोर स्पोर्ट्र्स एरिना का उद्घाटन भी किया। स्टूडेंट अविका अगल व अक्षक गुप्ता के साथ इंटरेक्शन में उन्होंने कहा कि मैंने साइंस पढ़ने के लिए एप्लाई किया तो लोगों ने बोला-दृष्टिबाधित हो, आर्ट्स ले लो, लेकिन यह कोई और तय नहीं कर सकता था कि मेरे लिए क्या उपयुक्त है। इसके लिए आंध्र प्रदेश सरकार के खिलाफ 10 महीने केस लड़कर, जिस रास्ते कोई नहीं गया वह रास्ता चुना।



अक्षक और अविका के साथ अपनी जर्नी साझा करते श्रीकांत बोल्ला।

### मैंने सोच लिया था मुझे वॉइसलेस कम्युनिटी की आवाज बनना है

हायर एजुकेशन के लिए आईआईटी वालों ने रिजेक्ट किया तो दुनिया के बेस्ट इंस्टीट्यूट में पढ़ने की ठानी और रिजेक्ट करने वालों को बोला कि एक दिन आप मुझे आईआईटी में लेक्चर देने बुलाओगे। यह मेरे लिए टर्निंग पॉइंट था, क्योंकि तभी निश्चय किया कि मुझे वॉइसलेस कम्युनिटी की आवाज बनना है। इसके बाद इंजीनियरिंग के लिए दुनिया के टॉप फाइव इंस्टीट्यूट में एप्लाई किया, जिनमें से मुझे एमआईटी यूएसए मिला।

### 'श्रीकांत' फिल्म नहीं, बल्कि वास्तविकता

अपनी बायोपिक 'श्रीकांत' पर उन्होंने कहा कि यह फिल्म नहीं, बल्कि वास्तविकता है, जिससे मेरी सोच लोगों तक पहुंची। मेरे लिए जीवन का यह हैप्पीएस्ट मोमेंट था कि मैं लोगों को प्रेरित कर सकता हूं। श्रीकांत बोल्ला ने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि सिंपैथी की चाह कभी न रखें, क्योंकि यह आपको लेजी बनाती है। अपने आप के सबसे बड़े हीरो स्वयं आप ही हो, हमेशा बड़े ख्वाब देखो, यह फ्री है, इस पर कोई जीएसटी नहीं लगता।

## Events

### DPTL-5 की ट्रॉफी का अनावरण



**बेधड़क, जयपुर।** प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन-5 की ट्रॉफी का अनावरण प्रियंका हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ. जी एल शर्मा व प्रियंका हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पीयूष जोशी ने किया। इस अवसर पर डीपीटीएल के आयोजन अध्यक्ष डॉ. जयंत सेन, आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव, को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज व चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु, डॉ. सचिन खट्टर, डॉ. संकल्प अवस्थी उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि प्रतियोगिता जयपुर के जय क्लब में 16 से 20 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें प्लेयर्स दमखम लगाएंगे और ट्रॉफी के लिए दावेदारी पेश करेंगे।

### आदर्श नगर में राम नवमी महोत्सव कल



**बेधड़क, जयपुर।** आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में राम नवमी महोत्सव का आयोजन रविवार को किया जाएगा। अध्यक्ष हरचरण ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पं. राकेश शर्मा राम चरित मानस के पाठ करेंगे। वहीं, मुंबई के पं. प्रेम प्रकाश दुबे ने श्रीराम नाम के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव अनिल खुराना ने बताया कि रविवार को रामनवमी है और सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा। भक्त सुंदर कांड का पाठ करेंगे। दोपहर में भगवान की प्राकट्य आरती होगी। महिला मंडल बधाई गान गाएंगी। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### युवाओं के इनोवेशन की जानकारी दी



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स का टेस्ट और अंदाज अनूठा है। यहां हर उम्र के लोगों की अपनी पसंद है। उनके टेस्ट के अनुसार ही कस्टमाइजेशन का प्रयास है। उनका ई-कॉमर्स अपनाने का तरीका भी दूसरों से अलग है। यह कहना था आइकिया कंट्री ई-कॉमर्स मैनेजर इंडिया भावना जयसवाल का, जो जयपुर में रूबरू हो रही थीं। इस दौरान उन्होंने कई रोचक जानकारी दी और अनुभव भी बताए। उन्होंने कहा कि ये सबसे तेजी से बढ़ने वाला माध्यम है। रोजमर्रा की चीजों पर भी बात की और कस्टमाइजेशन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने न्यू ट्रेंड शॉप बाय फोन को जयपुराइट्स की पंसद बताया और युवाओं के इनोवेशन की जानकारी दी। इस मौके पर हर उम्र के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने विशेषज्ञ से इंटरेक्ट करते हुए फ्यूचर के बारे में बात की।

### एफ्रो-फ्रेंच फिल्म फेस्टिवल कल से




**बेधड़क, जयपुर।** 'सिनेमा फ्रैंकोफोनी-2025' का आयोजन 6 से 18 अप्रैल तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जाएगा। एफ्रो-फ्रेंच फिल्म फेस्टिवल में फ्रैंकोफोन दुनिया की कुछ अद्भुत फिल्में प्रस्तुत की जाएंगी। एम्बेसी ऑफ फ्रांस इन इंडिया, द फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया और एलायंस फ्रांसेस जयपुर के सहयोग से फेस्टिवल में 7 फिल्में दिखाई जाएंगी। इनमें हास्य से लेकर व्यंग्य, हॉरर और एनीमेशन तक सिनेमा के रंग देखने को मिलेंगे। एलायंस फ्रांसेस जयपुर की निदेशक संजना सरकार ने बताया कि फ्रैंकोफोनी फिल्म फेस्टिवल अफ्रीका के सिनेमा को श्रद्धांजलि है। पिछले कुछ वर्षों में ओस्मेमे सेम्बेने से लेकर जिब्रिल डियोप मम्बेटी सहित कई अफ्रीकी फिल्ममेकर्स ने अफ्रीकी सिनेमा की दिशा बदल दी है। फिल्म स्क्रीनिंग की शुरुआत 6 अप्रैल को ले मैंडेट (सेनेगल) से होगी। 18 अप्रैल को वर्मिन्स (फ्रांस) के साथ समापन होगा।

### ट्रेंड एनालिसिस: सोशल मीडिया पर चल रही फोटो से कार्टून बनाने की 'हवा' में आ रही खतरे की बू

# सावधान! घिबली की 'बॉल' कहीं स्कैमर की 'गुगली' तो नहीं



पूजा कांवलिया | बेधड़क

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नया ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है-फोटो से कार्टून बनाने का, जिसे 'घिबली' कहा जा रहा है। इससे लोग अपनी पिक्चर को एनिमेटेड अवतार में बदल रहे हैं और अपने साशेल मीडिया अकाउंट पर अपने प्रोफाइल पर लगा रहे हैं। फेसबुक सहित अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म पर इन दिनों ऐसे प्रोफाइल्स की बाढ़ सी आई हुई है। यह ट्रेंड देखने में तो काफी आकर्षक और मजेदार है, लेकिन साइबर एक्सपर्ट का मानना है कि 'घिबली' रूपी यह बॉल स्कैमर की 'गुगली' भी हो सकती है, जिसके जरिए वे आपकी पर्सनल जानकारी चुरा रहे हों? इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी कंसल्टेंट राजेश मेघवंशी का कहना है कि ट्रेंड के साथ चलना अच्छा है, लेकिन अनअथॉराइज्ड एप व फ्री वर्जन से डेटा चोरी, दुरुपयोग और साइबर हमले की आशंका बढ़ती है। इनका उपयोग करने से पहले इनके प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें अन्यथा आप साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।



### खतरे में पड़ सकती है गोपनीयता

राजेश मेघवंशी ने बताया कि घिबली आर्ट तकनीक में प्रयुक्त डेटा रिवर्सेबल हो सकता है और फोटो को रिवर्स इंजीनियरिंग के माध्यम से वापस प्राप्त किया जा सकता है, जिससे यूजर्स की गोपनीयता खतरे में पड़ सकती है। कई फर्जी और अनअथॉराइज्ड मोबाइल एप्स द्वारा घिबली आर्ट तैयार की जा रही है जो मलेशियस कोड्स से प्रभावित होती हैं। यदि कोई यूजर इन ऐप्स के माध्यम से अपनी तस्वीर बनाता या डाउनलोड करता है तो उसकी निजी जानकारी साइबर स्कैमर्स तक पहुंच सकती है। यह एक प्रकार का फिशिंग अटैक होता है। इस तरह की गतिविधियों से आईडेंटिटी थेफ्ट और सोशल इंजीनियरिंग स्कैम की आशंका भी बढ़ जाती है। स्कैमर्स किसी की तस्वीर का दुरुपयोग कर उनके परिवारजनों या मित्रों से आर्थिक ठगी कर सकते हैं।

### सस्पेंड भी हो सकता है सोशल अकाउंट

मेघवंशी ने बताया कि इन आर्टवर्क्स का उपयोग कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन कर सकता है, क्योंकि घिबली स्टूडियो की आर्टस्टाइल और कैरेक्टर्स बौद्धिक संपदा अधिकारों के तहत संरक्षित हैं। ऐसी स्थिति में बिना अनुमति के इनका प्रयोग करने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा यूजर्स के अकाउंट को सस्पेंड या स्थायी रूप से बैन भी किया जा सकता है।

### 'घिबली' नाम के पीछे की कहानी

घिबली शब्द की उत्पत्ति इटालियन (इतालवी) भाषा से हुई है, और इसका शाब्दिक अर्थ 'गरम रेगिस्तानी हवा' या लू होता है। यह शब्द विशेष रूप से उत्तरी अफ्रीका और इटली में चलने वाली गर्म, तेज हवा के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जापान के मशहूर एनिमेशन स्टूडियो ने यह नाम इसलिए चुना, क्योंकि वे एनीमेशन इंडस्ट्री में एक नई हवा (यानी बदलाव) लाने का इरादा रखते थे।

# रक्तदान में युवाओं ने दिखाया उत्साह



बेधड़क | जयपुर

विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के आह्वान पर राजस्थान जैन सभा की शाखा कोटखावदा के तत्वावधान में मानव सेवार्थ रक्त दान शिविर लगाया गया।

प्रचार-प्रसार मंत्री अमन जैन ने बताया कि शिविर में युवाओं का उत्साह दिखा। अध्यक्ष पंकज वैद व महामंत्री आलोक पाटोदी ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में 17 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

कई लोगों को हिमोग्लोबीन की कमी के चलते रक्त देने से मना कर दिया गया। संयोजक शांति कुमार चांदवाड़ व रितेश वैद के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रबंधकारिणी समिति आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कोटखावदा अध्यक्ष महावीर गंगवाल, महामंत्री दीपक वैद, हेमराज गंगवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी रक्त दाताओं को राजस्थान जैन सभा की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 'गुप्त वृन्दावन' में किया जाएगा राम तारक यज्ञ



बेधड़क | जयपुर

रामलला के जन्मोत्सव पर जयपुर का गुप्त वृन्दावन धाम प्रभु राम की भक्ति में रंगेगा। इस मौके पर रविवार को श्रीश्री कृष्ण बलराम विशेष राम-लक्ष्मण अलंकार धारण करेंगे और भक्तों को आशीर्वाद देंगे। गुप्त वृन्दावन धाम में राम तारक यज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें भगवान राम के 108 पवित्र नामों का उच्चारण करते हुए मंत्रों की आहुतियां दी जाएंगी। राम-लक्ष्मण की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हरिनाम संकीर्तन के साथ पुष्पवर्षा होगी। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि इस यज्ञ में श्रीराम अष्टोत्तर का उच्चारण होगा।

### गेट-टू-गैदर | जयपुर में मेयो एलुमनाई एसोसिएशन ने की पार्टी

# पुराने रिश्तों और यादों से दिल में बनी रहती है ताजगी

बेधड़क | जयपुर

मेयो एलुमनाई एसोसिएशन (जयपुर चैप्टर) ने शहर के मोसिमो रेस्टोरेंट में गेट-टू-गैदर पार्टी का आयोजन किया। आयोजन में अजमेर के मेयो स्कूल के पूर्व छात्रों ने अपनी स्कूल की यादों को ताजा किया और एक-दूसरे के साथ पुराने दिनों की बातें साझा कीं। पार्टी का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर उन्हें एक दूसरे से मिलने और पुराने संबंधों को पुनर्जीवित करना था। पार्टी में मेयो एलुमनाई एसोसिएशन (जयपुर चैप्टर) अध्यक्ष जगदीप सिंह ने भूमिका निभाई और उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मोसिमो रेस्टोरेंट मालिक अजय खंडेलवाल मेयो पूर्व छात्र का योगदान रहा।




मेयो एलुमनाई एसोसिएशन (जयपुर चैप्टर) की पार्टी में अजमेर मेयो स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राएं।

### ...और खो गए पुराने दिनों में

इस मौके पर आए हुए मेयो स्कूल के पूर्व छात्रों ने स्कूल के दिनों को याद करते हुए पुराने दोस्तों के साथ बातचीत की। कई सदस्य इस आयोजन में स्कूल जीवन की मस्ती और यादों को साझा करते पुराने दिनों में खो गए। कुछ ने एक-दूसरे के साथ पुरानी क्लासेस और स्कूल गतिविधियों को लेकर किस्से सुनाए। कार्यक्रम ने न केवल पूर्व छात्रों को फिर से जोड़ने का काम किया, बल्कि साबित किया कि समय भले ही बीत जाए, लेकिन पुराने रिश्ते और यादें हमेशा दिलों में ताजगी बनाए रखते हैं। इस दौरान मनोरंजन, संगीत और फूड की भूमिका खास रही। मेयो एलुमनाई एसोसिएशन (जयपुर चैप्टर) के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम के सभी सदस्यों का आभार जताया। साथ ही आगे भी ऐसे आयोजन करने की इच्छा जताई।

### बचपन से था एक्टिंग का शौक, फिल्म 'शबनम' से हुए प्रभावित

# हरिकिशन गिरि गोस्वामी से मनोज कुमार बनने तक का सफर...



**महेश शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का रहने वाला हूं... भारत की बात सुनाता हूं..., गाने से देश-दुनिया में मशहूर हुए हरिकिशन गोस्वामी या कहें कि एक्टर मनोज कुमार या फिर भारतीय फिल्मों के भारत कुमार अब नहीं रहे। उनका 87 साल की उम्र में 4 अप्रैल को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी शशि गोस्वामी और बेटे कुणाल गोस्वामी को छोड़ गए।

कम ही लोगों को पता होगा कि मनोज कुमार का असली नाम था- हरिकिशन गिरि गोस्वामी। 24 जुलाई 1937 को हरिकिशन गिरि गोस्वामी (मनोज कुमार) का जन्म ऐबटाबाद में हुआ, जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बना। मनोज कुमार के माता-पिता ने उन दिनों भारत को चुना और दिल्ली आ गए। मनोज कुमार ने बंटवारे के दर्द को अपनी आंखों से देखा है। मनोज कुमार के करीबी रिश्तेदार बंटवारों के दंगे में पाकिस्तान में मारे गए थे।

बचपन से ही उन्हें एक्टिंग का काफी शौक रहा। वह अशोक कुमार, दिलीप कुमार और कामिनी कौशल के बहुत बड़े फैन थे। दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' में दिलीप कुमार द्वारा किया गया 'मनोज' का रोल हरिकिशन को इतना पसंद आया कि उससे प्रभावित होकर उन्होंने अपना नाम हरिकिशन से बदलकर मनोज कुमार कर लिया था और फिर धीरे-धीरे सब उन्हें मनोज कुमार के नाम से ही जानने लगे।

मनोज कुमार अपने कॉलेज के दिनों में काफी हैंडसम हुआ करते थे और इसी वजह से वह कॉलेज में थिएटर से जुड़ गए थे और फिर उन्होंने एक दिन दिल्ली से मुंबई का रास्ता चुन लिया। मुंबई में फिल्मों के सेट पर बड़े-बड़े कलाकार अपना शॉट शुरू होने से बस चंद मिनट पहले पहुंचते थे। ऐसे में सेट में हीरो पर पड़ने वाली लाइट चेक करने के लिए मनोज कुमार को हीरो की जगह खड़ा कर दिया जाता था। एक दिन जब लाइट टेस्टिंग के लिए मनोज कुमार हीरो की जगह खड़े हुए थे। चेहरे पर लाइट पड़ने पर वे इतने हैंड्सम लग रहे थे कि एक डायरेक्टर ने उन्हें 1957 में आई फिल्म 'फैशन' में एक छोटा सा रोल दे दिया। इस छोटे रोल में मनोज कुमार अपनी एक्टिंग से छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उसी रोल की बदौलत मनोज कुमार को फिल्म कांच की गुड़िया (1960) में लीड रोल दिया गया। इस फिल्म में वह बतौर लीड अभिनेता नजर आए थे, जो सफल रही। इसके बाद उन्होंने 'पिया मिलन की आस', 'सुहाग सिंदूर' और 'रेशमी रूमाल' में भी लीड रोल अदा किया था।

मनोज कुमार को सफलता 1962 में रिलीज हुई 'हरियाली और रास्ता' से मिली। इसके बाद उनकी फिल्म 'वो कौन थी' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, साल 1965 उनके लिए सबसे सफल साबित हुआ, क्योंकि इस साल उनकी देशभक्ति पर आधारित फिल्म 'भगत सिंह' रिलीज हुई, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से खूब प्यार मिला। भगत सिंह मनोज कुमार के बचपन के हीरो थे और उनके बारे में ज्यादा जानना चाहते थे। इसी खोज में वो दिल्ली और अमृतसर जाते और मद्रास में हिंदू अखबार की लाइब्रेरी में घंटों रिसर्च करते। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और राष्ट्रीय एकता के लिए नेशनल अवार्ड मिला। इस समारोह में मनोज कुमार ने भगत सिंह की मां को भी बुलाया था। जब अभिनेता डेविड ने मंच से नेशनल अवार्ड की घोषणा की तो भगत सिंह की मां विद्यावती को बुलाया गया और पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा था। मनोज कुमार ने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि कैसे इंदिरा गांधी ने आकर भगत सिंह की मां के पैर छुए थे।

> "मनोज कुमार का कॅरिअर ग्राफ जहां 1970 के बाद पीक पर था, तो वहीं 1987 में मनोज कुमार की 'कलयुग और रामायण', 'संतोष' और 'क्लर्क' जैसी फिल्मों के लगातार फ्लॉप साबित होने पर उनका ग्राफ गिरना शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने 'मैदान-ए-जंग' के बाद अपना एक्टिंग कॅरिअर त्याग दिया। मनोज कुमार ने एक्टिंग कॅरिअर से छुट्टी लेने के बाद राजनीति में भी हाथ आजमाया। लोकसभा चुनाव 2004 से पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में कदम रखा था। लेकिन राजनीति में उनका सिक्का कुछ खास नहीं चल पाया।"



*भारतीय सिनेमा में मनोज कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म 'उपकार' के लिए मिला था। फिल्म 'उपकार' ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया।*

'शहीद' के बाद मनोज कुमार ने कई देशभक्ति फिल्में कीं, जिसमें 'मेरे देश की धरती' और 'उपकार' जैसी फिल्में शामिल हैं। मनोज कुमार ने 'उपकार', 'पत्थर के सनम', 'रोटी कपड़ा और मकान', 'संन्यासी' और 'क्रांति' जैसी कमाल की फिल्में दीं। अधिकतर फिल्मों में मनोज कुमार का नाम 'भारत कुमार' हुआ करता था और इसी वजह से वह अपने चाहने वालों के बीच 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हो गए।

1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद खुद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी उन्हें देश भक्ति पर आधारित फिल्म बनाने के लिए कहा था, जो कि 'जय जवान जय किसान' स्लोगन से जुड़ी थी। साल 1965 में भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था और इस युद्ध के बाद ही मनोज कुमार ने लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने अभिनेता से युद्ध से होने वाली परेशानियों पर एक फिल्म बनाने के लिए कहा। हालांकि, उन दिनों तक मनोज कुमार को फिल्म बनाने का अनुभव नहीं था। इसके बावजूद अभिनेता ने 'जय जवान जय किसान' से संबंधित 'उपकार' फिल्म बनाई, जिसे दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। हालांकि, इस फिल्म को खुद लाल बहादुर शास्त्री नहीं देख पाए थे। ताशकंद से लौटने के बाद लाल बहादुर शास्त्री इस फिल्म को देखने वाले थे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया।

मनोज कुमार का कॅरिअर ग्राफ जहां 1970 के बाद पीक पर था, तो वहीं 1987 में मनोज कुमार की 'कलयुग और रामायण', 'संतोष' और 'क्लर्क' जैसी फिल्मों के लगातार फ्लॉप साबित होने पर उनका ग्राफ गिरना शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने 'मैदान-ए-जंग' के बाद अपना एक्टिंग कॅरिअर त्याग दिया। मनोज कुमार ने एक्टिंग कॅरिअर से छुट्टी लेने के बाद राजनीति में भी हाथ आजमाया। लोकसभा चुनाव 2004 से पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में कदम रखा था। लेकिन राजनीति में उनका सिक्का कुछ खास नहीं चल पाया।

भारतीय सिनेमा में मनोज कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म 'उपकार' के लिए मिला था। फिल्म 'उपकार' ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया।

2016 का मनोज कुमार से जुड़ा एक पुराना किस्सा है, जब उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिला था। मनोज कुमार व्हील चेयर की मदद से उस समय राष्ट्रपति रहे प्रणब मुखर्जी से दादा साहब पुरस्कार लेने पहुंचे थे। जैसे ही राष्ट्रपति मनोज कुमार को शॉल ओढ़ाते हैं, तो मनोज कुमार झुककर उनके पैर छू लेते हैं और इसके बाद मनोज कंपकपाते हुए हाथ से अपनी जेब से एक मूर्ति निकालते हैं। कहते हैं कि ये मूर्ति शायद शिरडी बाबा की थी।

शुरुआती दौर में मनोज कुमार और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बीच सबकुछ ठीक चल रहा था लेकिन जैसे ही आपातकाल की घोषणा हुई, दोनों के बीच काफी कुछ बदल गया। मनोज कुमार ने आपातकाल का खुलकर विरोध किया। कहा जाता है कि आपातकाल का विरोध करने वाले फिल्मी सितारों पर इतना बैन लगाया गया था कि उनकी फिल्म भी रिलीज होते ही बैन कर दी गई। ऐसे में मनोज कुमार के पास कोई चारा नहीं बचा और उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने कई हफ्तों तक कोर्ट के चक्कर लगाए, लेकिन इससे उन्हें फायदा हुआ और फैसला उनके पक्ष में आया। इसकी वजह से वह एकमात्र ऐसे फिल्ममेकर हैं, जिन्होंने भारत सरकार के खिलाफ केस जीता।

इस केस के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें 'आपातकाल' पर फिल्म बनाने का ऑफर दिया, लेकिन मनोज ने इसे ठुकरा दिया और साफ मना कर दिया। इस फिल्म की स्क्रिप्ट अमृता प्रीतम लिख रही थीं और यह एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म होने वाली थी। जब मनोज को इस बारे में पता चला तो उन्होंने अमृता प्रीतम को खूब डांटा। बाद में यह फिल्म कभी बन ही नहीं पाई।

ऐसा ही कुछ मनोज कुमार की फिल्म 'दस नंबरी' के साथ हुआ। इसे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बैन कर दिया और इसके बाद रिलीज हुई फिल्म 'शोर' का भी कुछ ऐसा ही हश्र हुआ। 'शोर' के निर्देशक और प्रोड्यूसर दोनों ही मनोज कुमार थे। इस फिल्म के रिलीज होने से पहले ही इसे दूरदर्शन पर दिखाया गया, जिसकी वजह से फिल्म सिनेमाघरों में कमाई नहीं कर पाई और इसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

मनोज कुमार 'ओम शांति ओम' विवाद से भी सुर्खियों में आए थे हालांकि बाद में शाहरुख ने माफी मांगी थी और जिस सीन पर मनोज कुमार को आपत्ति थी, उस सीन को एडिट कर दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहरुख खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके लिए मनोज कुमार से माफी भी मांगी थी। उन्हें कहा था, 'मैं बिल्कुल गलत था। अगर मेरी वजह से उन्हें दुख पहुंचा है, तो मैं माफी मांगता हूं।'

मनोज कुमार की फिल्मों में भारतीयता, महिलाओं और देशभक्ति का जो पैमाना दिखाया गया है, उस पर बाद के सालों में सवाल भी उठते रहे हैं। मनोज कुमार की फिल्म 'पूरब और पश्चिम' भारतीयता और पश्चिमी संस्कृति के बीच तुलना करती है जहां लड़की के सिगरेट पीने या स्कर्ट पहनने को नैतिकता के नजरिए से दिखाया गया है। अस्सी के दशक में मनोज कुमार की फिल्मों में महिलाओं का चित्रण और खराब हो गया था...। हालांकि एनआरआई के मन में वतन की टीस वाला कॉन्सेप्ट उन्होंने जो शुरू किया वो करण जौहर की 'दिलवाले दुल्हनियां' तक जा पहुंचा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फिल्मी सितारों ने जताया दुख

# मनोज कुमार के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर

मशहूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर अभिनेता धर्मेंद्र, सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसी प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया। दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने कुमार को अपना करीबी मित्र बताया। कुमार के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे धर्मेंद्र ने कहा, 'वह मेरा जिगरी यार था... हमारी साथ में कई यादें हैं। हमने फिल्म उद्योग में अपने शुरुआती दिन साथ बिताए।' हेमा मालिनी ने कहा, 'वह एक शानदार फिल्म निर्माता और मित्र थे।' हेमा मालिनी ने 'क्रांति', 'दस नंबरी' और 'संतोष' जैसी फिल्मों में काम किया है।



#### फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी थे

अभिनेता अक्षय कुमार ने दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मैं उनसे यह सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि देश के लिए प्यार और गर्व से बढ़कर कोई और भावना नहीं होती और अगर हम अभिनेता इस भावना को दिखाने के लिए आगे नहीं आएंगे, तो कौन आएगा? वह बहुत अच्छे इंसान थे और हमारे फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी थे।' अभिनेता अजय देवगन ने कहा कि मनोज कुमार की परिवार के जीवन विशेषकर फिल्मी सफर, में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार ने उनके दिवंगत पिता वीरू देवगन को 'रोटी कपड़ा और मकान' फिल्म में 'एक्शन निर्देशक' के तौर पर पहला मौका दिया था। वहां से, उनका सहयोग फिल्म 'क्रांति' तक जारी रहा। यह फिल्म अब भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास का हिस्सा है। सनी देओल ने कहा कि मनोज कुमार ने ऐसे किरदार निभाए जो 'वीरतापूर्ण और मानवीय दोनों थे।' उन्होंने कहा, 'उनकी फिल्मों में देश और देशवासियों के प्रति प्रेम झलकता था। सिनेमा जगत के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। एक युग का अंत।' अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि कुमार हिंदी सिनेमा के स्तंभ थे। बाजपेयी ने कहा, 'उनकी कला ने भारत की भावना को अद्वितीय ढंग से व्यक्त किया।'

**उनसे काफी सीखने को मिला**

*आमिर खान ने मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज कुमार की फिल्मों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' सलमान खान ने कहा, 'मनोज कुमार जी... एक सच्चे दिग्गज थे। अविस्मरणीय फिल्मों और यादों के लिए धन्यवाद।'*

**व्यंग्य**

# लौट के बुद्धू घर को आए!



**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार

वैसे तो अपने घर बुद्धू ही लौटकर आता है। जिसमें जरा भी अक्ल होगी, वह घर आकर करेगा क्या? घर में समस्याएं हैं और जरूरतें हैं, जिनको देखते हुए समझदारी तो यही कहती है कि लौटकर घर मत आओ। परन्तु वे बुद्धू थे, इसलिए लौटकर घर आ गए। मैंने पूछा भी-'ऐसी क्या विवशता थी, घर लौटने की? अच्छा मौका था, थोड़ी समझदारी से काम लेते तो बुद्धू तो नहीं कहलाते। मूर्खता का सेहरा बांधने की जरूरत क्या थी?' वे बोले-'तुमने लौट के बुद्धू घर को आए कहावत तो सुनी होगी?' मैंने कहा-'सुनी है तभी तो पूछ रहा हूं। थोड़ा सा विवेक से काम लिया जाता तो यह नौबत नहीं आती। वैसे बात क्या हुई थी?' वे बोले-'बात कुछ नहीं थी। गए थे हरि भजन को और ओटने लगे कपास।'

मैं बोला- 'तुमने फिर कहावत दे मारी। मेरी रुचि तुम्हारी मूर्खता जानने में है।' वे बोले-'सूत न कपास और जुलाहों में लट्ठस।' मैंने कहा-'पहेलियां मत बुझाओ, मुझे वास्तविकता से साक्षात्कार कराओ।' वे बोले-'वास्तविकता तो यह है कि मैं बुद्धू हूं। क्या इतना जानने भर से तुम्हें संतोष नहीं है?' 'नहीं, मैं जानना चाहता हूं कि तुम लौटकर घर आए क्यों?' मैंने कहा तो वे बोले-'इसके अलावा और कोई चारा नहीं था, मैं उसकी चकाचौंध में फंस गया। रातों-रात दुनिया भर में छा जाना चाहता था। पिताजी ने तो मुझे 'सुबह का भूला' समझकर माफ कर दिया। अब क्या बताऊं तुम्हें। सुनोगे तो मेरे बुद्धूपन पर हंसोगे इसलिए जाने दो।' मैं बोला-'जाने कैसे दो। तुम्हें सब कुछ बताना होगा। आखिर तुम मुम्बई गए थे। पैसे चुराए थे और बिना घरवालों से कहे मुम्बई की ट्रेन में बैठ गए थे।' वे बोले- 'तुम्हें कैसे पता चला कि मैं मुम्बई गया था? यह बात तो मेरे घरवालों के अलावा किसी को पता नहीं है।' मैंने कहा-'तुम्हारे पिताजी मिले थे। कह रहे थे तीन महीने बाद बुद्धू घर लौट आया है। लेकिन तुम्हारी कहानी उन्होंने भी मुझे नहीं बताई। बोले-कभी वह मूर्ख मिले तो उसी से पूछना। अब तुम बताओ हुआ क्या था? तीन माह तक तुम मुम्बई में करते क्या रहे?' 'करना क्या था शर्मा। बस मैंने वहां स्ट्रगल किया, भूखा रहा और रातें बिना नींद के वहां गुजार दी।' दरअसल, मैं मुंबई हीरो बनने गया था। फिल्मों का शौक बचपन से था। जेब खर्ची के पैसे बचाकर फिल्में देखा करता था। लगातार फिल्म देखने से मुझे फिल्मों का ऐसा नशा चढ़ा कि मुझे हीरो बनने के लिए मुम्बई भागना पड़ा।

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanlalBjp
आज मुख्यमंत्री निवास पर परम पूज्य श्री उत्तम स्वामी जी महाराज से स्नेहपूर्ण भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान राजस्थान में धार्मिक पर्यटन, सामाजिक सद्भाव एवं आध्यात्मिक विकास से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई।



**दीया कुमारी,** डिप्टी सीएम, राजस्थान
@KumariDiya
कल सचिवालय में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों की सुरक्षा और संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर इन हवेलियों को पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बचाया जा सके। बैठक में अधिकारियों को हवेलियों की संरचनाओं, चित्रकला और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देशित किया।



**अशोक गहलोत,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
मनोज कुमार जी के निधन पर गहरी संवेदनाएं। भारतीय सिनेमा में उनके देशभक्ति फिल्मों के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। ईश्वर उनके परिवार को शक्ति दे। ॐ शांति।



**राहुल गांधी,** लोकसभा के सदस्य
@RahulGandhi
हाल ही में मेरी मुलाकात दलित और आदिवासी समुदायों से जुड़े रिसर्चरों, कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों से हुई। उन्होंने मांग की कि एक राष्ट्रीय कानून बनाया जाए, जो केंद्रीय बजट का एक निश्चित हिस्सा दलितों और आदिवासियों के लिए सुनिश्चित करे। कर्नाटक और तेलंगाना में ऐसा कानून पहले से लागू है और वहां इन समुदायों को ठोस लाभ मिला है। UPA सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर भी दलितों और आदिवासियों के लिए "उप-योजनाओं" (Sub-Plans) की शुरुआत की थी। लेकिन मोदी सरकार के दौरान इस प्रावधान को कमजोर कर दिया गया है और बजट का बहुत कम हिस्सा इन वर्गों तक पहुंच रहा है। दलित और आदिवासी लंबे समय से हक और प्रतिनिधित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से, 12 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं का अभी तक पंजीयन, आंकड़ा 25 लाख के पार जाने की उम्मीद

# कई जोन व सेक्टर में बांटा यात्रा मार्ग... 24x7 रहेगी निगरानी

**विनोद कुमार** | देहरादून

उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। यात्रा के लिए अब तक 12 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। यात्रा शुरू होने तक यह आंकड़ा 25 लाख के करीब पहुंचने का अनुमान है। जबकि यात्रा शुरू होने पर 40 फीसदी रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन भी होंगे। यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक रहेगा। यात्रा में 25 दिन शेष रहे हैं और सरकार को इसी दौरान सभी तैयारियों को पूरा



करना है। वस्तुतः यात्रा का पहला एक महीना सरकार और पुलिस दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात,भीड़ प्रबंधन और रजिस्ट्रेशन चेकिंग,पार्किंग जैसी कि तमाम जिम्मेदारी पुलिस विभाग के पास होती है। पुलिस ने इस बार चार धाम यात्रा के लिए खास इंतजाम किए हैं। पहली बार यात्रा मार्गों को 15 सुपर जॉन, 41 जॉन और 137 सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर एक सेक्टर का क्षेत्र 10 किमी रहेगा। हर सेक्टर में पुलिस बल की तैनाती के साथ 24x7 निगरानी की जाएगी।

**गढ़वाल रेंज कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित :** आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप में बताया कि रेंज कार्यालय में चार धाम यात्रा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इससे यातायात सुरक्षा, डेटा मॉनिटरिंग सहित सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह देखेंगे। कंट्रोल रूम यात्रा सीजन में 24 घंटे काम करेगा। जिसमें यात्रा से संबंधित सभी विभागों से समन्वय होगा। ताकि यात्रियों को एक ही डेस्क पर सभी सुविधाएं मिल सकें।

**4500 के करीब पुलिस रहेगी तैनात**

आईजी स्वरूप ने बताया कि पूरे यात्रा मार्गों पर 9 एएसपी प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिनके द्वारा अपने ड्यूटी क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। चारों धामों में एक-एक सीओ की नियुक्ति की गई है। पूरी यात्रा संचालक के लिए 4500 के करीब पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 24 सीओ,66 इंस्पेक्टर, 336 सब इंस्पेक्टर ,615 हेड कांस्टेबल, 1222 कांस्टेबल, 208 महिला कांस्टेबल, 926 होमगार्ड, 1049 पीआरडी के जवान तैनात रहेंगे। जबकि 9 कंपनी पीएसी और 26 सब टीम एएफआरएफ की नियुक्त की गई है।

### सेना में भर्ती: मापदंड घटाने का कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बात से इनकार किया कि सेना में भर्ती के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के मापदंडों को घटाने का कोई प्रस्ताव है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारतीय सेना ने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी ने यह सवाल किया था कि क्या सरकार भारतीय सेना में भर्ती के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा मापदंडों को घटाने का प्रस्ताव कर रही है।

### कृष्ण जन्मभूमि मामले में SC ने जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू पक्ष से संबंधित सभी वाद को एकीकृत करने के इलाहबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर मस्जिद कमेटी की याचिका पर शुक्रवार को नोटिस जारी किए। हाई कोर्ट ने पिछले साल 23 अक्टूबर को शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट की प्रबंधन समिति की एक अर्जी खारिज कर दी थी, जिसमें 11 जनवरी के अदालती आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया गया था। उक्त आदेश में, मामले में हिंदू पक्ष के सभी वाद को एक साथ जोड़ दिया गया था। पिछले वर्ष 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी से कहा था कि वह मामलों को जोड़ने के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करे।

### 61.8 करोड़ में बिकी तैयब मेहता की कलाकृति

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध चित्रकार एम.एफ. हुसैन की कृति 'ग्राम यात्रा' को क्रिस्टी द्वारा न्यूयॉर्क में 118 करोड़ रुपए में नीलाम करने के एक पखवाड़े के भीतर, उनके समकालीन और आधुनिकतावादी चित्रकार तैयब मेहता की कृति 'ट्रस्ड बुल' बुधवार को मुंबई में सैफरनआर्ट की 25वीं वर्षगांठ की नीलामी में 61.80 करोड़ रुपये में बिकी। इसी के साथ 'ट्रस्ड बुल' मेहता की सबसे अधिक कीमत पर बिक्री वाली कलाकृति बन गई है। यह दुनिया भर में किसी नीलामी में बेची गई भारतीय कलाकार की दूसरी सबसे अधिक कीमत वाली कलाकृति है। 'ट्रस्ड बुल' ने अमृता शेरगिल की 'द स्टोरी टेलर' की बराबरी की है जो 2023 में इतनी ही कीमत पर बिकी थी। मेहता की एक अन्य अनाम कृति नौ करोड़ रुपए में बिकी, जबकि इसकी अनुमानित कीमत सात करोड़ रुपए थी।

## वक्फ विधेयक पारित होने के समर्थन व विरोध में सुर हुए मुखर

# वर्षों से जारी अन्याय खत्म होगा: शाह
# मुस्लिम संगठनों का कई राज्यों में प्रदर्शन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक की संसद से मंजूरी के साथ ही इसके समर्थन व विरोध के सुर मुखर हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विधेयक को मंजूरी दिए जाने से वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार समाप्त होगा तथा न्याय और समानता के युग का आरंभ होगा।

शाह की यह टिप्पणी राज्यसभा द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के कुछ समय बाद आई। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, जब संसद ने 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025'



को स्वीकृति देकर वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है। इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्ति अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं।

**विधेयक के समर्थन पर सांसदों का आभार**

शाह ने कहा, करोड़ों लोगों को न्याय देने वाले इस महत्त्वपूर्ण विधेयक के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को बधाई देता हूं। साथ ही, इसका समर्थन करने वाले सभी दलों व सांसदों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ज्ञात रहे कि लोकसभा ने गुरुवार तड़के इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

**AIMJ ने किया बिल का समर्थन**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा से पास होकर राज्यसभा से भी पास हो गया है। इसके लिए सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने इस बिल को मुस्लिमों के हित वाला बताया है। इसके साथ उन्होंने अपील की कि इसके खिलाफ आम मुस्लिम सड़कों पर न उतरें।



*वक्फ संशोधन विधेयक के संसद में पारित होने के विरोध में कोलकाता में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते विभिन्न मुस्लिम संगठनों के सदस्य।*

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ कोलकाता/ अहमदाबाद /लखनऊ

लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतर आए और प्रदर्शन किया है। विधेयक के खिलाफ जिन राज्यों में प्रदर्शन हुए उनमें पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और असम शामिल हैं। कोलकाता, अहमदाबाद समेत कई शहरों में लोगों ने प्रदर्शन किया और उन्होंने वक्फ विधेयक रद्द करो जैसे नारे लगाए। मुस्लिम समुदाय के इन लोगों ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। कोलकाता के पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनों के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी वक्फ विधेयक पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की है और उस पर देश को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। अहमदाबाद में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटाने की कोशिश की। एआईएमआईएम की राज्य इकाई के प्रमुख और 40 सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया। तमिलनाड़ु में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी, तमिलगा वेट्टी कषगम (टीवीके) के आह्वान पर राज्य के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले

# वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का दूसरा चरण मंजूर

- 6,839 करोड़ रुपए होंगे खर्च, राजस्थान समेत कई राज्यों को होगा फायदा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर स्थित गांवों के समग्र विकास के लिए शुरू किए गए 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने शत प्रतिशत वित्त पोषण वाली केंद्र की योजना के रूप में इस कार्यक्रम के दूसरे चरण (वीवीपी-2) को मंजूरी दी। कार्यक्रम का दूसरा चरण अपने पहले चरण के तहत कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं से लगे गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा। बयान के अनुसार, कुल 6,839 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, यह कार्यक्रम अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के चुने हुए रणनीतिक महत्व के गांवों में वित्त वर्ष 2028-29 तक लागू किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत गांव या गांवों के समूह के भीतर बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा और सहकारी समितियों एवं स्वयं सहायता समूहों आदि के माध्यम से लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इन गांवों के लिए बारहमासी सड़क का निर्माण ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत पहले से स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत किया जाएगा।



**रेलवे: 18,658 करोड़ की चार परियोजनाएं मंजूर**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शुक्रवार को रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपए है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में फैली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 1,247 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

## कांग्रेस के अधिवेशन की तैयारियां जोरों पर, बैठक 8 व 9 को

# देशभर से पार्टी के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**एजेंसी** | अहमदाबाद।

अगले सप्ताह होने वाली विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन के लिए यहां तैयारियां जोरों पर हैं। कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था सीडब्ल्यूसी की बैठक आठ अप्रैल को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक पर होगी, जबकि एआईसीसी अधिवेशन नौ अप्रैल को साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा। एआईसीसी अधिवेशन के लिए साबरमती रिवरफ्रंट पर एक बड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि सीडब्ल्यूसी बैठक के लिए पटेल



स्मारक के परिसर में एक और संरचना बनाई जा रही है। सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक होने वाले एआईसीसी अधिवेशन में देशभर से करीब 3,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता हिरेन बांकड़ ने कहा, सीडब्ल्यूसी बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत 262 नेता भाग लेंगे। चूंकि यह एक विस्तारित सीडब्ल्यूसी है, इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। साल 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले इसी स्थान पर सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई थी।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि सीडब्ल्यूसी की बैठक पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे शुरू होगी। नेता इस बात पर चर्चा करेंगे कि कांग्रेस देश के लिए क्या कर सकती है और पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए क्या कर सकते हैं। गुजरात में 64 साल बाद एआईसीसी का अधिवेशन हो रहा है। दोशी ने कहा कि पार्टी के 139 साल के इतिहास में गुजरात ने सिर्फ दो बार ही इस तरह के बड़े सम्मेलन की मेजबानी की है

### चुनावी बॉण्ड के फैसले पर पुनर्विचार से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को मिले 16,518 करोड़ रुपए जब्त करने के निर्देश देने संबंधी याचिकाओं को खारिज करने के फैसले पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के दो अगस्त, 2024 के फैसले के खिलाफ खेम सिंह भाटी द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। हाल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश में मामले में खुली अदालत में सुनवाई के लिए भाटी के अनुरोध को भी स्वीकार करने से इनकार कर दिया गया।

## SC : संसद से कानून बनाने के लिए कहें

# बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन मामले में सुनवाई से इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर सांविधिक प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता को संबंधित प्राधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन देने की छूट प्रदान की। याचिका में बच्चों पर सोशल मीडिया के गंभीर शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव का उल्लेख किया गया है तथा सोशल मीडिया मंचों तक बच्चों की पहुंच को विनियमित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण जैसी मजबूत आयु सत्यापन प्रणाली शुरू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील से कहा, यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। पीठ ने कहा, इसलिए हम याचिकाकर्ता को प्रतिवादी प्राधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखने की छूट देते हुए याचिका का निपटारा करते हैं। अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता कोई अभ्यावेदन देते हैं तो उस पर आठ सप्ताह के भीतर विचार किया जाए।

## संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित

# लोकसभा और राज्यसभा में शत-प्रतिशत से अधिक हुआ कामकाज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की कुल 26 बैठकें हुईं और इस दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए, वहीं 118 प्रतिशत कामकाज हुआ। बजट सत्र के दो चरण थे। पहला चरण 13 फरवरी को संपन्न हुआ था। वहीं, दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू हुआ था।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार दोपहर सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही भी शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के दौरान उच्च



सदन में 119 प्रतिशत कामकाज हुआ। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, सत्र के दौरान सदन में पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के अलावा वित्त विधेयक, 2025, विनियोग विधेयक, 2025, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 तथा आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, सत्र के दौरान कार्य उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही। कुल 26 बैठकें हुईं, जो 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाले सांविधिक संकल्प को भी सत्र के दौरान पारित किया गया। बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 17 घंटे 23 मिनट चर्चा हुई और जिसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। मौजूदा (18वीं) लोकसभा का चौथा सत्र 31 जनवरी 2025 को शुरू हुआ था, जो शुक्रवार को संपन्न हो गया। बिरला ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली और इसमें 169 सदस्यों ने भाग लिया। सदन में 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 16 विधेयक पारित किए गए। बिरला ने बताया कि तीन अप्रैल को लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए, जो अभी तक किसी एक दिन में शून्यकाल के दौरान उठाए जाने वाले लोक महत्व के मामलों की रिकॉर्ड संख्या है।

### राज्यसभा में पेश हुए 49 निजी विधेयक



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि सत्र के दौरान 159 घंटे में 119 प्रतिशत कामकाज हुआ। इस सत्र में 49 निजी विधेयक पेश किए गए। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव और बजट पर लंबी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा तीन दिन तक चली और इसमें 73 सदस्यों ने हिस्सा लिया।बजट 2025-26 पर भी तीन दिन तक चर्चा हुई जिसमें 89 सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही चार महत्वपूर्ण मंत्रालयों... गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर भी चर्चा हुई। सभापति ने कहा कि यह सत्र अपनी ऐतिहासिक विधायी उपलब्धियों और एकता की भावना के लिए याद किया जाएगा। यह भारत की संसदीय यात्रा में एक निर्णायक क्षण रहा और इसने याद दिलाया कि संवाद और साझा मकसद के माध्यम से क्या हासिल किया जा सकता है।उच्च सदन ने एक बार फिर दूसरों के लिए अनुकरणीय लोकतांत्रिक मानक स्थापित किए हैं।

## आईपीएल : मुंबई इंडियंस 12 रन से पराजित, पंड्या ने झटके पांच विकेट

# लखनऊ सुपरजायंट्स की जीत में मार्श और मार्करम की शानदार बल्लेबाजी

**एजेंसी | लखनऊ**


लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां मुंबई इंडियंस को 12 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने मिचेल मार्श के 60 और एडेन मार्करम के 53 रनों की बदौलत 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 203 रन बनाए। मुंबई की टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन पूरे ओवर खेलने के बाद पांच विकेट 191 रन ही बना सकी। उसके लिए सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। ये सूर्यकुमार का मुंबई के लिए 100वां आईपीएल मैच था। सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर 67 रन बनाए जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल रहा, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। जबकि नमन धीर ने 46 रन का योगदान दिया। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टी20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट चटकाए। पंड्या ने चार ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने मारक्रम (53), निकोलस पूरन (12), ऋषभ पंत (दो), डेविड मिलर (27) और आकाश दीप (शून्य) के विकेट झटके। रोहित शर्मा चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे थे। ऐसे में विल जैक्स को रियान रिकेलटन के साथ पारी की शुरुआत करने का मौका मिला। वह इस मौके को भुना नहीं पाए।


मिचेल मार्श

### लखनऊ की शानदार शुरुआत

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने मार्श और मारक्रम ने लखनऊ को शानदार शुरुआत दिलायी। मार्श ने 31 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाए। मारक्रम ने 38 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाए। पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 69 रन था, लेकिन हार्दिक ने इसके बाद गेंदबाजी में अच्छे बदलाव कर मैच में मुंबई की वापसी कराई। लेकिन टीम जीत के लक्ष्य को पार नहीं कर सकी।

### ऋषभ पंत फिर रहे नाकाम



कलाई के खब्बू स्पिनर विग्नेश पुथुर ने सातवें ओवर में अपनी गेंद पर ही खतरनाक साबित हो रहे मार्श का कैच पकड़कर पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी को तोड़ा। हार्दिक ने इसके बाद खुद गेंदबाजी पर आने का फैसला किया और अपने शुरुआती दो ओवरों में पूरन और पंत के अहम विकेट लिए। उन्होंने नौवें ओवर में दीपक चाहर के हाथों कैच कराकर पूरन को पवेलियन की राह दिखाई तो वही खराब लय में चल रहे पंत का मुश्किल कैच स्थानापन्न खिलाड़ी कोबिन बॉश ने लपका। पंत छह गेंद में सिर्फ दो रन बना सके। उन्होंने इससे पहले तीन पारियों में शून्य, 15 और दो रन का योगदान दिया है। पंत के आउट होते समय लखनऊ का स्कोर 10.4 ओवर में 107 रन रन था। अब तक खराब लय में चल मारक्रम ने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर से आयुष बडोनी (14 गेंद में 30 रन) और डेविड मिलर (14 गेंद में 27 रन) ने तेजी से रन बनाए। इससे पहले दीपक चाहर ने अपने पहले और पारी के दूसरे ओवर में 15 रन लुटाए। मार्श ने इस ओवर में दो जबकि मारक्रम ने एक चौका लगाय। मार्श ने इसके बाद बोल्ट के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर रनगति को तेज किया।

### पीएम कल करेंगे नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को तमिलनाडु का दौरा करेंगे और रामनवमी के मौके पर दोपहर लगभग 12 बजे भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल-नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ के मुताबिक मोदी सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे और पुल के संचालन को देखेंगे। पुल के उद्घाटन के बाद वह रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इस पुल को 550 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसकी लंबाई 2.08 किलोमीटर है, इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर की ऊंचाई तक उठता है।

### गुरशरण कौर को अब 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर 'जेड' श्रेणी की कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सुरक्षा की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी होने के कारण उन्हें पहले शीर्ष 'जेड-प्लस' श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी। मनमोहन सिंह का पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा कौर की सुरक्षा की हालिया समीक्षा के बाद उन्हें 'जेड' श्रेणी के तहत रखा जाना तय किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे बड़ा स्तर है।

## बिम्सटेक शिखर सम्मेलन, प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित

# 21 सूत्रीय कार्ययोजना का प्रस्ताव, सहयोग बढ़ाने पर जोर

### अहम पेशकश

- यूपीआई को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ा जाए
- 'बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स' स्थापित किया जाए
- मानव संसाधन विकास के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने की पेशकश
- बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का प्रस्ताव
- स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने का सुझाव

**एजेंसी | बैंकॉक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'बिम्सटेक' (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी की पहल) समूह को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा, जिसमें भारत के यूपीआई (यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस) को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच सहभागिता को मजबूत करने के लिए 'बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स' की स्थापना करना शामिल है। पीएम मोदी ने यहां छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह समूह वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। शिखर सम्मेलन ने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा और समावेशिता के लिए साझा प्रतिबद्धता को साकार करने के वास्ते 'बैंकॉक विजन 2030' को अपनाया।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने जुड़ाव को और गहरा करें। इस संदर्भ में, मैंने हमारे सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव रखा है। कार्य योजना में मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए 'बोधि' या 'बिम्सटेक फॉर ऑर्गेनाइज्ड डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमन रिसोर्स इंफ्रास्ट्रक्चर' पहल भी शामिल है। इसके तहत, बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को हर साल भारत में प्रशिक्षित किया जाएगा।

पीएम मोदी ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के अनुभव को साझा करने के वास्ते बिम्सटेक देशों की जरूरतों को समझने के लिए एक प्रायोगिक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा,उन्होंने भारत के यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को बिम्सटेक क्षेत्र में भुगतान प्रणालियों से जोड़ने,आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का दोहन करने और बिम्सटेक को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने 'बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स' की स्थापना करने, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने तथा क्षेत्र के भीतर स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विचार करने का भी प्रस्ताव रखा। संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप में म्यांमा और थाईलैंड में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, म्यांमार और थाईलैंड में आए हालिया भूकंप ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मिलकर काम करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास में सहयोग के लिए भारत में 'बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा।बिम्सटेक आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के बीच चौथा संयुक्त अभ्यास इस वर्ष भारत में आयोजित किया जाएगा। थाईलैंड द्वारा आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा, श्रीलंका और भूटान के नेताओं ने भाग लिया।



बिम्सटेक शिखर बैठक के दौरान पीएम मोदी का स्वागत करती थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा।

### बिम्सटेक खेलों की मेजबानी का प्रस्ताव

पीएम मोदी ने इस वर्ष भारत में 'बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट' आयोजित करने और 2027 में पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी के लिए इस वर्ष बिम्सटेक युवा नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और 'बिम्सटेक हैकाथॉन' तथा 'यंग प्रोफेशनल विजिटर्स' कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

### संगीत महोत्सव का होगा आयोजन

योजना के अनुसार, 'कनेक्टिविटी' और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस साल भारत में बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने 'इलेक्ट्रिक ग्रिड इंटरकनेक्शन' पर तेजी से काम करने का भी प्रस्ताव रखा।

### बिम्सटेक : व्यापार और परिवहन में सहयोग में सुधार का संकल्प

बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के समापन पर व्यापार और परिवहन सहयोग में सुधार लाने का संकल्प लिया। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने कहा कि शिखर सम्मेलन में शामिल सात देशों ने म्यांमार और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि नेताओं ने भूकंप से संबंधित एक संयुक्त बयान में संवेदना, एकजुटता और प्रभावित देशों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का प्रस्ताव

प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक समूह के दायरे और दक्षता को लगातार बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया, गृह मंत्रियों के तंत्र को संस्थागत बनाने का स्वागत किया और भारत में पहली बैठक आयोजित करने की पेशकश की। उन्होंने कहा, यह मंच साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंकवाद और नशीली दवाओं तथा मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने इसकी पहली बैठक भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव िकया। उन्होंने बिम्सटेक देशों के लिए मानव संसाधन प्रशिक्षण, नैनो सैटेलाइट के निर्माण और प्रक्षेपण तथा रिमोट सेंसिंग डेटा के उपयोग के वास्ते 'ग्राउंड स्टेशन' स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा में अनुसंधान और प्रसार के लिए उत्कृष्टता केंद्र एवं किसानों के लाभ के लिए ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं, अनुसंधान और दक्षता विकास के आदान-प्रदान के लिए भारत में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का भी सुझाव दिया।

### भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना



*बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक के वात फो मंदिर गए, जो अपनी वास्तुकला और लेटे हुए बुद्ध की 46 मीटर लंबी विशाल प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। विशेष सद्भावना प्रकट करते हुए थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा मोदी के साथ मंदिर गईं। मोदी ने मंदिर में लेटे हुए भगवान बुद्ध के समक्ष प्रार्थना की और वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं को 'संघदान' दिया। प्रधानमंत्री ने बुद्ध श्राइन को अशोक के सिंह स्तंभ की प्रतिकृति भी भेंट की तथा भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत एवं जीवंत तथा सभ्यतागत संबंधों को याद किया।*

### म्यांमार को मदद की पेशकश




*बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को म्यांमार की मौजूदा सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत, हाल में आए भूकंप से तबाह म्यांमार की और अधिक मदद करने को तैयार है। उन्होंने इसके साथ ही म्यांमार संघर्ष के समाधान के लिए 'विश्वसनीय और समावेशी चुनाव' पर जोर दिया।*

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

# भारत ने AI में किया 1.4 अरब डॉलर का निवेश

**एजेंसी | संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई में 1.4 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत 10वें स्थान पर है और भारत तथा चीन दुनिया के दो ऐसे विकासशील देश हैं जिन्होंने 2023 तक एआई में महत्वपूर्ण निजी निवेश किया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा जारी प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि भारत 2024 में 'अग्रणी प्रौद्योगिकी के लिए तत्परता' सूचकांक में 36वें स्थान पर है, जो 2022 में उसके प्रदर्शन से बेहतर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था। अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के 170 देशों की रैंकिंग में भारत ने 36वां स्थान हासिल किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। इस रैंकिंग में उन देशों को शामिल किया गया है, जो नई एवं अहम तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाते हैं। भारत आईसीटी के लिए 99वें, कौशल के लिए 113वें, आरएंडडी के लिए तीसरे, औद्योगिक क्षमता के लिए 10वें और वित्त के लिए 70वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपीन विकासशील देश हैं जो प्रौद्योगिकी तत्परता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।



### इन बिंदुओं से तय होता है सूचकांक

सूचकांक में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) परिनियोजन, कौशल, अनुसंधान और विकास गतिविधि, औद्योगिक क्षमता और वित्त तक पहुंच के संकेतकों को शामिल किया गया है।

### AI में निवेश में अमेरिका सबसे आगे

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है और साल 2023 में अमेरिका ने एआई में 67 अरब डॉलर का निवेश किया था। यह पूरी दुनिया में एआई के क्षेत्र में हुए निवेश का 70 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, एकमात्र विकासशील देश चीन 7.8 अरब डॉलर के महत्वपूर्ण निवेश के साथ दूसरे स्थान पर और भारत 1.4 अरब डॉलर के निवेश के साथ 10वें स्थान पर है।रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2033 तक दुनियाभर में एआई बाजार 4800 अरब डॉलर का होगा और डिजिटल बदलाव में इसकी अहम भूमिका होगी।

### AI में ज्यादातर कंपनियां अमेरिकी और चीनी

एआई बुनियादी ढांचे और विशेषज्ञता तक पहुंच कुछ ही अर्थव्यवस्थाओं तक केंद्रित है। एआई के क्षेत्र में 100 प्रमुख कंपनियां काम कर रही हैं और इनमें से अधिकतर अमेरिका और चीन में ही हैं। ये दोनों देश एआई में अनुसंधान और विकास में कुल व्यय का 40 फीसदी खर्च कर रहे हैं।

## कांग्रेस : मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम शुरू

# हर साल 50 पेशेवरों का चयन, भावी नेता के रूप में होंगे तैयार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह के नाम पर शुक्रवार को एक 'फेलो प्रोग्राम' की शुरुआत की, जिसके तहत देश भर से 50 पेशेवरों का चयन किया जाएगा और उन्हें पार्टी के भीतर प्रशिक्षित करके भविष्य के नेता के रूप में तैयार किया जाएगा। पार्टी के विभाग 'ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस' ने इस कार्यक्रम की घोषणा की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा,डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम' पेशेवरों के लिए हमारा आह्वान है, सार्वजनिक जीवन में कदम रखें, ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें और एक प्रगतिशील एवं समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नीति निर्माण और राजनीति में प्रभाव डालने के इच्छुक पेशेवरों का स्वागत करती है। 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम' एक ऐसे राजनीतिक नेतृत्व का सृजनकर्ता है, जो राजनीति में एक विशेष, उच्च प्रभाव वाला मार्ग प्रदान करता है। 'ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस' के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से कहा, डॉ. मनमोहन सिंह फेलो प्रोग्राम हर साल देश भर से 50 पेशेवरों की पहचान करेगा और उनका चयन करेगा।

## जेकेके की सुकृति गैलरी में डिजाइन और ह्यूमर का संगम, स्लैंग खींच रहे ध्यान

# नयाPUN 4.0 : जब SAMAY खराब हो, तो चुप RAINA चाहिए

बेधड़क | जयपुर

स्लैंग पर आधारित एग्जीबिशन ने सभी का ध्यान खींचा। युवाओं की क्रिएटिविटी खास है और उनके बनाई चीजों के साथ उनके लिखे कटाक्ष या मजाकिया शब्द जहन में अलग छाप छोड़ रहे हैं। ये हैं जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के जयपुर स्कूल ऑफ डिजाइन और पेंसिलबॉक्स के सहयोग से नयापन 4.0 एग्जीबिशन में क्रिएटिविटी दिखाने वाले युवा।

युवाओं ने हाल ही में रैना की कॉन्ट्रोवर्सी को भी कुछ इस अंदाज में 'जब samay खराब हो, तो चुप raina चाहिए' शोकेस किया है। ये आकर्षण और चर्चा का केंद्र बना हुआ है। यह अनोखी डिजाइन एग्जीबिशन 6 अप्रैल तक जवाहर कला केंद्र (जेकेके) सुकृति गैलरी में जारी रहेगी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्याम सुंदर बिस्सा (सीनियर ऑनरेरी, ओटीएस, जयपुर व सीईओ, बिएमवी सहायता समिति जयपुर) ने इवेंट की शोभा बढ़ाई।

### प्रदर्शनी में 40 युवाओं ने दिखाया नयापन

प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टूडेंट्स ने क्रिएटिविटी का जलवा बिखेरा है। उन्होंने अनोखे आर्ट इंस्टॉलेशन्स के जरिए ह्यूमर और विजुअल स्टोरीटेलिंग को प्रस्तुत किया है। हर विजिटर को एक खास स्मारिका दी गई है, जो इस अनुभव को हमेशा के लिए यादगार बनाएगी। वहीं, डिजिटल रीच को बढ़ाने के लिए अनमोल गर्ग के साथ विशेष ऑनलाइन कोलेबोरेशन किया गया है। उनका बिजनेस मीट्स ह्यूमर स्टाइल इवेंट को और रोचक बनाएगा और युवाओं के बीच लोकप्रियता को बढ़ाएगा। ऐसे में नयापन 4.0 सोचने, हंसने और भीतर के कलाकार को जगाने का अवसर दे रहा है।


रिबन काटकर उद्घाटन करते शिवानी कौशिक, श्याम सुंदर बिस्सा और फैकल्टी मेंबर्स।





प्रियंका बेरीवाल, डॉ. सुनीता यादव, शिवानी मान, मिताली जैन, अस्मी लोढ़ा, अक्षिता, ज़ुबैर, कोमल, सर्वांगी, वंश, प्रणय, ईशा लोढ़ा, तनव, प्रिया, डीन शिवानी कौशिक, केशव, मान महावर, ऐश्वर्या और वंशिका।




### रिकॉर्ड की ओर एग्जीबिशन

गौरतलब है कि यह भारत की पहली ऐसी डिजाइन एग्जीबिशन है, जो ह्यूमर और स्लैंग्स पर आधारित है और बड़े स्तर पर प्रदर्शित की जा रही है। इसके चलते इसका नाम इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा रहा है। इस बार का नयापन पहले से मजेदार है। यहां 20 नए पन प्रदर्शित किए गए हैं। साथ ही टीएफटी स्क्रीन पर पिछली तीन एडिशन की झलकियां और दर्शकों के अनुभवों को एक फिल्म में दिखाया गया है।

## नए सफर का स्वागत और यादों को विदाई



बेधड़क | जयपुर

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में आयोजित इम्प्रेशंस-2025 एक ऐसा पल लेकर आया, जिसमें नई उम्मीदों का जोश और बीते लम्हों की यादें आपस में गुंथी नजर आईं। फुटबॉल ग्राउंड में हुए इस भव्य आयोजन में फ्रेशर्स का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और अंतिम वर्ष के छात्रों को भावुक विदाई दी गई। प्रो. (डॉ.) एच. पी. सिंह ने छात्रों को नए सफर को पूरे उत्साह से अपनाने की प्रेरणा दी। रैंप वॉक, डांस परफॉर्मेंस और प्रश्नोत्तर सत्र ने माहौल को रोमांचक बना दिया। हिमांशु अरोड़ा और आयुषी मालव को मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब मिला, जबकि ओम किशन और प्रूच्वा यशवंतराव को मिस्टर और मिस फेयरवेल चुना गया। अंत में डीजे नाइट ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया, जिससे यह शाम यादगार बन गई।

## 'डोर' में रिश्तों की गहराई उजागर



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में नाटक 'डोर' का मंचन किया गया, जो कबीर के दोहे रहिमन धागा प्रेम का... से प्रेरित रहा। नाटक में धागे को प्रतीकात्मक रूप में इस्तेमाल कर रिश्तों की बारीकियों को दर्शाया गया। नाटक मानव संबंधों के विकास से शुरू होता है और समकालीन समय पर आता है, जिसमें प्रेम, विश्वास और अविश्वास के बदलते रूपों को मंच पर जीवंत किया गया। इसमें दिखाया गया कि कैसे लोग अपने प्रेमियों को धोखा देते हैं। यहां तक कि शादी के बाद भी। नाटक की निर्माता रंजना चौधरी, संवाद लेखक तन्मय सिंह और लेखक-निर्देशक लोकेश राज कुमार रहे। भावना शर्मा, केशव, मुदित, हिमाली भाटिया सहित अन्य कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय किया। दर्शकों ने इसे भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला नाटक बताया, जो रिश्तों को समझने और उनकी अहमियत पर सोचने को मजबूर करता है।

# Events

### 'मूट कोर्ट' पर कार्यशाला में दिए टिप्स



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के पांच वर्षीय विधि महाविद्यालय में मूट कोर्ट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के अधिवक्ता मनोज अवस्थी ने विधार्थियों को मूट कोर्ट के महत्व व मूट कोर्ट की तैयारी कैसे की जाए, जैसे विषयों पर जानकारी दी। साथ ही कोर्ट रूम शिष्टचार, विधि शोध व अभिवचन से वाद पत्र, लिखित कथन किस प्रकार तैयार किए जाते हैं जैसे पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान पंचवर्षीय महाविद्यालय की निदेशक डॉ. अंकिता यादव, डॉ. तरुण जोनवाल, सुरेन्द्र मीना व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में महाविद्यालय की उपनिदेशक आरती शर्मा ने अधिवक्ता मनोज अवस्थी का आभार जताया।

### डॉ. सोनम को पीएचडी की उपाधि




**बेधड़क, जयपुर।** डॉ. सोनम महावर ने राजस्थान कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एमपीयूएटी उदयपुर के आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग से पीएचडी की। इसके लिए डॉ. देवेंद्र जैन, डॉ. आर.ए. कौशिक, डॉ. एन.एल. डोडिया, डॉ. दीपक राजपुरोहित और डॉ. विनोद सहारण ने उन्हें सम्मानित किया। उनका शोध पारंपरिक जैविक खाद के मेटाजेनोमिक और मेटाबोलोमिक विश्लेषण पर केंद्रित था, जिसमें उन्होंने पौधों की वृद्धि को बढ़ाने वाले बैक्टीरिया को पृथक कर उनकी पहचान की। इससे मृदा उर्वरता और फसल उत्पादकता में सुधार हो सकेगा। उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए उन्होंने टिकाऊ कृषि के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव समुदायों की पहचान की। मार्गदर्शकों और परिवार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने किसानों के लाभ के लिए वैज्ञानिक प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया।

### 14 को होगी समानता के लिए दौड़

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान में एकता नवनिर्माण ट्रस्ट की पहल नोप टू डॉप का संदेश (नशे को ना कहना) से बड़ी संख्या में लोग जुड़े। वहीं, ट्रस्ट की ओर से जयपुर में 14 अप्रैल को समानता के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही डॉ. बी.आर. आंबेडकर जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## JKK की 'चतुर्दिक' आर्ट गैलरी में लगाई एग्जीबिशन

# 'कला हर जगह' में 40 युवाओं ने सजाया 300 पेंटिंग्स का संसार



बेधड़क | जयपुर

मुंबई के क्यूरेटर मितुल अग्रवाल के क्यूरेशन में जवाहर कला केन्द्र की 'चतुर्दिक' आर्ट गैलरी में 40 युवा कलाकारों की पेंटिंग एग्जीबिशन 'कला हर जगह' की शुरुआत की गई। उद्घाटन वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने किया। इस मौके पर आयोजित कला वार्ता में रामू रामदेव ने कहा कि कला अपने आप में एक योग है। उन्होंने कहा कि कला कोई क्राफ्ट नहीं है, जिसे कॉपी किया जा सके। कला को मन की गहराइयों से महसूस किया जाता है और इसके लिए जरूरी है कि कलाकार मेडिटेशन करें। गौरतलब है कि एग्जीबिशन में 300 से अधिक पेन्टिंग्स डिस्प्ले की गई हैं। 25 से अधिक जयपुर के युवा कलाकार और गुजरात व मध्यप्रदेश के भी युवा हैं। एग्जीबिशन में रोजमर्रा की जिंदगी से संबंधित ऐसी कलाकृतियां डिस्प्ले की गई हैं जो होम डेकोर के लिए खास हैं। हैंडमेड शीट पर आर्टिस्ट मनमोहन सिंह ने पिता-पुत्र के रिश्ते को खूबसूरती से पेश किया तो राजेंद्र योगी ने 'चुप्पी की कीमत' को कैनवास पर उतारा है। जयपुर की अर्चना और प्रियंका के आर्ट एंड क्राफ्ट के डेकोरेशन आइटम खास हैं। गंगानगर की हर्षिता ने ग्रीटिंग कार्ड और की-चेन बनाए हैं।

## 7 और 8 को होगा फैशन फेस्टिवल का आयोजन

# पिंकसिटी में दो दिन होगा फैशन और ग्लैमर का संगम, देंगे प्राइड अवार्ड



बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर स्थित फोर्ट में 7 और 8 अप्रैल को फैशन फेस्टिवल का आयोजन होगा। इस दौरान 7 अप्रैल को मिस और मिसेज प्राइड ऑफ राजस्थान प्रतियोगिता होगी।

अजमेर, उदयपुर और जयपुर में हुए ऑडिशन के बाद चुनी गई प्रतिभागी फिनाले में रैंप वॉक करेंगी। राजस्थान प्राइड अवार्ड में राज्य की विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। वंशिका आर्ट्स एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की फाउंडर पूजा मक्कड़ ने शुक्रवार को बताया कि 8 अप्रैल को राजस्थान प्राइड फैशन वीक आयोजित होगा। इसमें प्रोफेशनल मॉडल्स दिव्या चौहान, रंचिका सुरेश, ऐश्वर्या नौटियाल और दीक्षा यादव हिस्सा लेंगी। को-फाउंडर वंशिका मक्कड़ ने कहा कि यह फेस्टिवल एक ट्रेंडसेटर बनेगा। डॉ. रश्मि अरोड़ा ने बताया कि शो डायरेक्टर मनोज सोनी के निर्देशन में देशभर से नवीन कुमार, मितेश उपाध्याय, गैरी, विष्णु, ब्लैक पर्ल, आरोही ढोले सहित कई डिजाइनर भाग लेंगे। प्रेसवार्ता में दीपक थवानी, नवीन शर्मा, प्रतीक सलूजा, हर्ष गौतम, मितेश उपाध्याय आदि भी मौजूद रहे।

**संगोष्ठी** विशेषज्ञों ने 'सुशासन व आपराधिक जनप्रतिनिधि' विषय पर रखे विचार

# सुशासन तभी संभव, जब हम राष्ट्र के प्रति ईमानदार हों

बेधड़क | जयपुर

मुक्त मंच की 95वीं संगोष्ठी योग साधना केन्द्र में शिक्षाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' की अध्यक्षता और अरुण ओझा आईएएस (रिटा.) के मुख्य आतिथ्य में हुई। शब्द संसार के श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया। 'सुशासन व आपराधिक जनप्रतिनिधि' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने कहा कि एक लंबी गुलामी के बाद हमने आजादी देखी। रक्त-रंजित हालातों के बीच सुहाने ख्वाब संजोए, लेकिन 'स्वराज' के खतरे भी कम न थे। डॉ. कुसुम ने कहा कि हमने प्रतिनिधियों को संसद, विधान सभा और परिषदों में भेजा, लेकिन वे संविधान की मनसा-वाचा-कर्मणा के अनुपालन में खरे नहीं उतरे। राजनीति का अपराधीकरण होता गया और अपराधों का राजनीतिकरण होता गया। देश की जनता असहाय और लाचार होकर रह गई। सुरक्षा सहित रोजगार, समानता, न्याय सुनिश्चित नहीं हो पाया है। आईटी विशेषज्ञ और पूर्व मुख्य अभियंता दामोदर चिरानियां ने कहा कि सुशासन का अर्थ पारदर्शिता, जबावदेही और कानून का शासन है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 2014 से हर साल सुशासन को समर्पित है।


संगोष्ठी में विमर्श करते प्रबुद्धजन।

### सुशासन के लिए संवेदनशील और चाक-चौबंद प्रशासन जरूरी

सुशासन के लिए प्रशासन को चाक-चौबंद, त्वरित कार्य, मानवीय दृष्टिकोण तथा संवेदनशील होना चाहिए। शिक्षण संस्थाएं व स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरीन हों। किसान, मजदूर और दुकानदार सहजता महसूस करें। महिलाएं, बच्चे और निर्बल वर्ग सुरक्षित महसूस करें। अपराधियों में खौफ हो, न्यायालय में मुकदमों का निपटारा शीघ्र हो। सुशासन तभी संभव है जब राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था और संविधान के प्रति हम ईमानदार हों। आईएएस अरुण ओझा, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बोड़ा, गुलाब बत्रा, साहित्यकार फारुक आफरीदी, यशवंत कोठारी, कल्याणसिंह शेखावत, इन्द्र भंसाली, ललित कुमार शर्मा, डॉ. सुभाष गुप्ता, सुमनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल ने संगोष्ठी में विचार रखे। अंत में परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग ने शांति पाठ के साथ संगोष्ठी का समापन किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025



"हर चुनौती सीखने, बदलने और बेहतर बनने का मौका है।"
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना की अधिसूचना जारी

# RJHS में कैशलेस उपलब्ध होंगी मातृत्व आईपीडी और अन्य चिकित्सा सेवाएं

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार पत्रकार कल्याण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में पत्रकारों के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) की अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई। उल्लेखनीय है कि इस योजना का शुभारंभ भीलवाड़ा में 28 मार्च को राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया गया था। राज्य सरकार से अधिस्वीकृत समस्त पत्रकार आरजेएचएस के लिए पात्र होंगे। इस योजना की अधिसूचना जारी होने के बाद अधिस्वीकृत पत्रकारों को आरजीएचएस की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। योजना के अनुसार, पात्र पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 10 लाख रुपए प्रतिवर्ष की चिकित्सा व्यय (आईपीडी) की सुविधा मिलेगी। साथ ही ओपीडी की सुविधा मेडिकल डायरी के अनुसार देय होगी। अधिस्वीकृत पत्रकारों को योजना के तहत मिलने वाली सुविधा के लिए आईडी कार्ड भी जारी किए जाएंगे। योजना में बीमित व्यक्ति को आरजीएचएस में परिभाषित अनुमोदित अस्पतालों में किए गए सभी इनडोर उपचारों तथा शल्य चिकित्साओं के लिए कैशलेस सुविधा प्रदान की जाएगी।

### स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने की सीएम से मुलाकात



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलग-अलग समाज के लोगों से मुलाकात कर सोशल इंजीनियरिंग कर रहे हैं। शुक्रवार को सीएम ने स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान बीकानेर से भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मां करणी का चित्र भेंटकर सीएम भजनलाल का अभिनंदन किया। सीएम भजनलाल ने कहा कि स्वर्णकार समाज सदैव मेहनती और विश्वास करने वाला समाज रहा है, जहां आज परिवारों में एक दूसरे पर विश्वास नहीं है, वहां स्वर्णकार समाज पर लोगों का भरोसा है। अपना सोना चांदी पैसा सिर्फ विश्वास पर लोग दे देते हैं आर्थिक मजबूरी में भी स्वर्णकार समाज सबसे पहले याद आने वाला समाज है। सीएम ने इस दौरान आर्थिक असमानता को दूर करने की बात करते हुए कहा कि आर्थिक असमानता आज कल हर जगह दिखाई देती है। इसको खत्म करने की जरूरत है। स्वर्णकार समाज प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान स्वर्णकला बोर्ड का गठन करने की मांग रखी।

## मुख्यमंत्री ने उत्तम स्वामी जी महाराज से लिया आशीर्वाद



जयपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर महामंडलेश्वर ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी जी महाराज से स्नेहपूर्ण भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दोनों के बीच राजस्थान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने और आध्यात्मिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अध्यात्म एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें जनहित में सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार धार्मिक स्थलों के विकास के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बेधड़क FIRST

### 12 हजार का इम्प्लांट बाहर से आएगा, तभी होगा ऑपरेशन!

प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में 'खेल' चल रहा है। जहां पर सेंटर में भर्ती गंभीर मरीजों को किसी न किसी बहाने से बाहर भेजा जा रहा है। ताजा मामला 'मा' योजना के लाभार्थियों से जुड़ा हुआ है। दरअसल, 29 मार्च को भर्ती मरीज की कूल्हे की हड्डी का ऑपरेशन होना था। लेकिन छह दिन गुजर जाने के बाद गुरुवार को चिकित्सकों ने परिजनों को ऑपरेशन के लिए बाहर से इम्प्लांट की सूचना दी। जिसके लिए 12 से 15 हजार रुपए का खर्चा निश्चित था। ऐसे में मरीज के परिजन परेशान दिखाई दिए। लेकिन मसला ये है कि जब 'मा' योजना में पूरा इलाज निशुल्क होता है, तो फिर इम्प्लांट बाहर से मंगवाने का दबाव क्यों बनाया जा रहा है? ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ऐसे प्रकरणों पर कोई सख्त एक्शन लेंगे?

### सिर्फ कागजों तक सिमटे दिखे नियम!

निजी ब्लड बैंकों की जांच के लिए चलाए गए अभियान की तस्वीरें तो कुछ और ही बयां कर रही हैं। दरअसल, 191 निजी ब्लड बैंकों की जांच की गई, इस दौरान प्रदेशभर की टीमों ने 175 ब्लड सेंटर्स की जांच की। जिसमें अधिकांश जगह रजिस्टर्ड स्टाफ की उपस्थिति नहीं दिखी। इसके अलावा ब्लड बैग का रिकॉर्ड संधारण, टेम्प्रेचर मेंटेन करने की प्रक्रिया, स्टाफ ट्रेनिंग रिकॉर्ड, कैश रिसीव बुक में नियमों के विरुद्ध कई खामियां मिलीं। जिसके आधार पर जांच अधिकारी की अनुशंसा पर एक्शन लिया गया।

### बीकानेर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में गोरखधंधा!

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में मुख्यमंत्री निःशुल्क योजनाओं को तो ठंडे बस्ते में डालकर मरीजों को लूटा जा रहा है। सुनने में तो ये भी आ रहा है कि नेताओं की भी रुचि टेंडर्स और दवा किस कंपनी की बिक रही है, इसमें अधिक है। वहीं इलाज के लिए आए 15 बच्चों की जांच प्राइवेट लैब में करवाकर सरेआम मरीजों को लूटा जा रहा है। पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने इस मामले को लेकर जांच कमेटी बनाई है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि देर रात तक कमेटी के सदस्यों को भी जानकारी नहीं दी गई थी। ऐसे में मरीजों के परिजनों को संभागीय आयुक्त से निष्पक्ष जांच की आस है।

### कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए राहुल गांधी का नया एक्शन प्लान!

कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। जिसके लिए राहुल गांधी ने एक्शन प्लान तैयार किया है। जिसके तहत प्रोफेशनल नेताओं की नई खेप तैयार की जाएगी। बता दें कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से फैलोशिप प्रोग्राम लॉन्च किया गया है। जिसके जरिए नए नेताओं की फौज खड़ी की जाएगी। प्रोग्राम के तहत हर साल देशभर से 50 पेशेवर लोगों का चयन होगा। फिर उन्हें कांग्रेस पार्टी में राजनीति करने का मौका दिया जाएगा। जहां पर पार्टी के थिंक टैंक उन्हें ट्रेनिंग देगा।

## वक्फ संशोधन बिल का दोनों सदनों में पारित होना ऐतिहासिक: शेखावत



**नई दिल्ली/जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का दोनों सदनों में पारित होना ऐतिहासिक है। शुक्रवार को अपने बयान में शेखावत ने शायराना अंदाज में कहा कि 'सीने में सच्चाई और इरादों में ईमानदारी, न्याय के लिए निर्णय में नहीं कोई लाचारी'। यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) बिल नैतिकता और न्याय का आग्रह प्रस्तुत करता है, जिससे वक्फ बोर्ड केवल अपनी जानकारी को प्रमाण मानकर किसी भी संपत्ति को वक्फ की घोषित नहीं कर पाएगा। शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार सुनिश्चित करेगी कि वक्फ संपत्तियों का लेखा-जोखा सीएजी करे। वक्फ की संपत्तियों का सर्वोचित प्रबंधन होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का दोनों सदनों में पारित होना ऐतिहासिक है।

### कांग्रेस कर रही है नाटक

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने वक्फ बिल को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वक्फ बिल को लेकर कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है, जबकि यह बिल पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत पास हुआ है। राठौड़ ने कहा कि अगर कांग्रेस इस बिल के खिलाफ थी तो उसे संसद में इसका बहिष्कार करना चाहिए था, लेकिन जब दोनों सदनों में खुले तौर पर चर्चा और मतदान के बाद बहुमत से बिल पारित हो गया तो बाहर आकर इसका विरोध करना सिर्फ राजनीतिक ड्रामा है।

## सोनिया से मिले टीकाराम जूली



**जयपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दिल्ली दौरे पर रहे। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। जूली ने सोनिया से मार्गदर्शन लेते हुए राजस्थान की राजनीति और विपक्ष की भूमिका पर चर्चा की। इस दौरान रफीक खान, लोकसभा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, पीसीसी महासचिव आरसी चौधरी सहित अन्य सांसद मौजूद रहे।

## मेक्सिको से भारत आए दल ने देखी विधानसभा



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का राजनीतिक आख्यान संग्रहालय ऐतिहासिक है। इसमें प्रदेश के गौरवशाली ऐतिहासिक इतिहास को संजोया गया है।

देवनानी ने शुक्रवार को मेक्सिको से भारत भ्रमण पर आए एक मैत्री दल के सदस्यों को विधानसभा दिखाई और उनसे चर्चा की। मेक्सिको से भारत भ्रमण पर आए मैत्री दल जयपुर में राजस्थान की संस्कृति, साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर का अध्ययन भ्रमण कर रहा है। इसके तहत शुक्रवार को दल ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से भेंट की और राजस्थान विधानसभा की संसदीय प्रक्रियाओं को जाना।

## शिष्टाचार भेंट



भारत 24 के सीईओ एंड एडिटर इन चीफ डॉ. जगदीश चंद्र ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के निवास पर शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ. जगदीश चंद्र ने सूरत में उनके नेतृत्व में लागू की जा रही बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही डॉ. जगदीश चंद्र ने यह भी कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लीडरशिप में जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है और इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर राजस्थान की तस्वीर ही बदल जाएगी।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दिल्ली में की कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की। इन मुलाकातों के दौरान उन्होंने समसामयिक विषयों और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

राज्यपाल बागडे ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने देश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, संचार तंत्र के विस्तार और राजस्थान में संचार सेवाओं की प्रगति पर चर्चा की। राज्यपाल की केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से हुई भेंट में प्रदेश में हवाई संपर्क को सुदृढ़ करने और नए हवाई अड्डों के विकास को लेकर विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य में रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और कौशल विकास योजनाओं पर संवाद हुआ। इसके साथ ही राज्यपाल ने केंद्रीय सहकारिता और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से भेंट की, जिसमें सहकारी संस्थाओं की भूमिका और नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में राज्यों की भागीदारी पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर से भेंट की। यह बैठक महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और अधिकारों पर संवाद के लिहाज से महत्वपूर्ण रही। सभी शिष्टाचार मुलाकातों के दौरान राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।



*दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात करते बागडे।*

## अहमदाबाद में गिरिजा के परिवारजनों से मिले गहलोत



*अहमदाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास के परिवारजनों से मुलाकात करते राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।*

**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अहमदाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास के परिवारजनों से मुलाकात की। गहलोत ने उनसे गिरिजा व्यास के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अहमदाबाद के जाइडस हॉस्पिटल में पूर्व सीएम गहलोत गुरुवार रात पहुंचे। उन्होंने हॉस्पिटल में गिरिजा व्यास के भाई उदयपुर शहर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। गहलोत के साथ राजस्थान विधानसभा के पूर्व स्पीकर डॉ. सीपी जोशी भी साथ थे।

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को उदयपुर में डॉ. व्यास अपने आवास पर गणगौर का पूजन कर रही थीं। तभी उनकी चुन्नी में आग गई थी और वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं।

**वक्फ विधेयक पर सोनिया की टिप्पणी पर बोले लोकसभा अध्यक्ष**

# लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं: बिरला

**बेधड़क** | नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित किए जाने पर उनकी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप नहीं है।

राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। बजट सत्र के आखिरी दिन सदन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा सोनिया की टिप्पणी का उल्लेख किए जाने के बाद बिरला ने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं है। बिरला ने सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कई सांसदों ने उन्हें बताया कि दूसरे सदन (राज्यसभा) की एक सदस्य ने यह आरोप लगाया है कि चर्चा के बिना 'बुलडोज' कर विधेयक पारित किया गया।

### यह है मामला

कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सरकार पर वक्फ (संशोधन) विधेयक को मनमाने ढंग से पारित कराने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है तथा यह समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में बनाए रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने संसद भवन परिसर में सीपीपी की बैठक में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी विधेयक, निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, भारत के पड़ोसी देशों में राजनीतिक स्थिति, संसद में गतिरोध, विपक्ष के नेताओं को 'बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने' और कई अन्य विषयों को लेकर सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया था। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में बनाए रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

### बिरला ताशकंद में IPU की 150वीं सभा में करेंगे भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 5 से 9 अप्रैल, 2025 तक ताशकंद में आयोजित हो रही अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। बिरला वहां 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्रवाई' विषय पर आम चर्चा के दौरान सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, संसद सदस्य भर्तृहरि महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, अपराजिता सारंगी आदि शामिल हैं। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य शासी परिषद, कार्यकारी समिति, स्थायी समितियों सहित आईपीयू के विभिन्न निकायों की बैठकों तथा सभा के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न विषयगत पैनल चर्चाओं में भी भाग लेंगे। सभा में भाग लेने के साथ ही बिरला अन्य संसदों के समकक्ष पीठासीन अधिकारियों के साथ परस्पर हित के मामलों पर विचार साझा करेंगे। ताशकंद यात्रा के दौरान बिरला उज्बेकिस्तान में भारतीय समुदाय के लोगों और भारतीय छात्रों के साथ भी बातचीत करेंगे।

## जयपुर एयरपोर्ट पर CISF के नए कमांडेंट नवीन भगत ने संभाला पदभार



**बेधड़क जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को शुक्रवार को नया सुरक्षा प्रमुख मिल गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नवनियुक्त कमांडेंट नवीन भगत ने आज एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर अपना पदभार ग्रहण किया। नवीन भगत आज मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट से जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उन्होंने कमांडेंट का कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट सूरज खुडे ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।